www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

30 मई 2026
हरदा, शनिवार
वर्ष-15, अंक - 353, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष - 14
विक्रम संवत् 2083

ICSE AFFILIATED ICSE CODE NO. - MP049
संभाग का एकमात्र
ICSE बोर्ड स्कूल
Vision International Public School
Class Nursery to 10th
ADMISSIONS OPEN
Pump Engine Road, Manpura, Harda (M.P.)
Mob.: 9826217121

संस्थापक
डॉ. रामकिशोर दोगने
पी.एच.डी.

संचालक
कुणाल दोगने
बी.ई.(सी.एस.) एम.बी.ए.

## मप्र ने गेहूं उपार्जन में नया रिकॉर्ड बनाया : सीएम

● किसानों से अब तक 1.4 करोड़ मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया ● 24 हजार करोड़ रुपये का किसानों को किया जा चुका है भुगतान

**प्रदेश में सबसे लम्बे समय तक गेहूं खरीद की व्यवस्था की गई**

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने इस वर्ष गेहूं उपार्जन में अपने सभी लक्ष्य हासिल करते हुए नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। प्रदेश में किसानों से अब तक रिकॉर्ड 1.4 करोड़ मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। राज्य सरकार ने गेहूं उत्पादक किसानों को 2585 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य और प्रति क्विंटल 40 रुपए बोनस का लाभ दिया है। किसानों को 2625 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं का भुगतान किया। अब तक किसानों को गेहूं उपार्जन की 24 हजार करोड़ राशि दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में आज वीडियो संदेश के माध्यम से ये जानकारी दी।




### किसानों की संख्या के मामले में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य बना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गेहूं खरीदने के लिए किसानों की संख्या के मामले में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य बन चुका है। प्रदेश में इस वर्ष गेहूं की पैदावार बढ़ी है। देश में सर्वाधिक गेहूं उत्पादन वाले राज्यों में पंजाब के बाद मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर है। मध्यप्रदेश सर्वाधिक लंबे समय तक गेहूं खरीद की व्यवस्था लागू करने वाला एकमात्र राज्य है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रदेश का हो रहा है अधोसंरचात्मक विकास

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में विकसित हो रहे आधुनिक अधोसंरचना नेटवर्क ने भारत की विकास यात्रा को नई गति प्रदान की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन के अनुरूप राष्ट्रीय राजमार्गों, एक्सप्रेस-वे, आर्थिक कॉरिडोर और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी परियोजनाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था, व्यापार और निवेश को नई ऊर्जा मिल रही है।राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश में विकसित की जा रही जबलपुर आउटर रिंग रोड परियोजना महाकौशल क्षेत्र के विकास का नया अध्याय लिखने जा रही है। प्रदेश में सड़क अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण परियोजना है।



लगभग 3,540 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रही 114 किलोमीटर लंबी यह महत्वाकांक्षी परियोजना जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी, व्यापार, पर्यटन एवं औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने बताया कि जबलपुर क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने वाली यह परियोजना शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के साथ-साथ क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन, कृषि और औद्योगिक गतिविधियों को भी मजबूती प्रदान करेगी।

## पेंच नेशनल पार्क को मिलेगा बायो स्फीयर रिजर्व का दर्जा

**एनईएससीओ भेजेंगे प्रस्ताव**

**अनोखा तीर, सिवनी।** सिवनी जिले के प्रसिद्ध पेंच टाइगर रिजर्व को जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बायो स्फीयर रिजर्व का विशेष दर्जा प्राप्त हो सकता है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की हालिया बैठक में पेंच, कान्हा और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व को यूनेस्को के मेन एंड बायो स्फीयर (एमएबी) कार्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से तैयार प्रस्ताव शीघ्र ही केंद्र के माध्यम से यूनेस्को को भेजा जाएगा।



**1179 वर्ग किमी में फैली समृद्ध जैव विविधता**

पेंच टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल (कोर और बफर मिलाकर) लगभग 1179 वर्ग किलोमीटर है। एप्को द्वारा तैयार रिपोर्ट के अनुसार, यह क्षेत्र दुर्लभ वनस्पतियों, वन्यजीवों और प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न है। बायोस्फीयर रिजर्व का दर्जा मिलने से पेंच को न केवल वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी, बल्कि वैज्ञानिक अनुसंधान और पर्यावरणीय अध्ययन के लिए अंतरराष्ट्रीय बजट व संसाधनों का लाभ भी प्राप्त होगा।

**तीन स्तरों पर होगा पर्यावरण का संरक्षण-** बायोस्फीयर रिजर्व के तहत क्षेत्र को कोर और बफर जोन में विभाजित कर संरक्षण को और अधिक कड़ा किया जाएगा। कोर एरिया में मानवीय गतिविधियां पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगी, जबकि बफर क्षेत्र में नियंत्रित और टिकाऊ विकास कार्यों को अनुमति दी जाएगी। डिप्टी डायरेक्टर पुनीत गोयल ने बताया कि इस दर्जे के मिलने से दुर्लभ प्रजातियों की सुरक्षा बेहतर होगी और क्षेत्र में इको-टूरिज्म के साथ-साथ संरक्षण की नई राहें खुलेंगी।

### स्थानीय रोजगार और संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा

डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि यूनेस्को की इस सूची में शामिल होने का सीधा लाभ स्थानीय समुदाय को मिलेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और स्थानीय निवासियों की पारंपरिक जीवनशैली व संस्कृति को वैश्विक मंच पर संरक्षण प्राप्त होगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि बायोस्फीयर रिजर्व घोषित होने के बाद पेंच दुनिया भर के पर्यावरण प्रेमियों और शोधकर्ताओं के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा।

## नौतपा की गर्मी के बीच आंधी-तूफान के चक्रव्यूह!

*अल-नीनो की वजह से कमजोर रहेगा मानसून, 20 जून के बाद होगी एंट्री*



**अनोखा तीर, भोपाल।**

नौतपा की झुलसाने वाली गर्मी के बीच मध्यप्रदेश का मौसम अचानक करवट लेने जा रहा है। बंगाल की खाड़ी तक एक्टिव हुए 4 वेदर सिस्टम के असर से प्रदेश में तेज आंधी, वज्रपात और बारिश का अलर्ट जारी हुआ है। अगले कुछ घंटों में कई जिलों में धूलभरी आंधी के साथ मौसम खतरनाक रूप ले सकता है।

मध्य प्रदेश में इस बार मानसून कमजोर रहने के संकेत हैं। भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत प्रदेश के 47 जिलों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। प्रदेश में औसत 37.3 इंच के मुकाबले 30 से 32 इंच तक बारिश होने का अनुमान है। वहीं, मानसून की एंट्री भी तय समय से 5 से 8 दिन देरी से, यानी 20 जून के बाद होने की संभावना जताई गई है।

मध्यप्रदेश में नौतपा की तपिश के बीच मौसम का मिजाज तेजी से बदलने वाला है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान में एक साथ 4 ताकतवर मौसम प्रणालियाँ सक्रिय हैं, जो प्रदेश के मौसम को प्रभावित कर रही हैं।

### ग्वालियर और मुरैना में बारिश, भीषण गर्मी और उमस

मध्य प्रदेश में नौतपा के बीच मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है। ग्वालियर में शुक्रवार सुबह 6 बजे से रुक-रुक कर, जबकि मुरैना जिले में तेज बारिश हुई। अचानक बदले मौसम से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली है। बता दें कि गुरुवार को भी दमोह समेत कई जिलों में ओले गिरे और बारिश हुई। मौसम विभाग ने शुक्रवार को ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, वहीं भोपाल, जबलपुर समेत 27 जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट है। यहां पारा 43 डिग्री के ऊपर ही रहेगा।

## पिता को 'स्वर्गीय' बताकर लिया 25 लाख का लोन!

**राजगढ़ (एजेंसी)।** जिले के खिलचीपुर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बेटे ने अपने पिता को सरकारी दस्तावेजों में मृत बताकर फर्जी तरीके से करीब 25 लाख रुपए का लोन ले लिया। जब किस्तें नहीं चुका पाया तो खुद को मृत घोषित करने के लिए युवक ने शमशान से रसीद भी कटवा ली। इस पूरे मामले का खुलासा पिता को किसी परिचित से आए फोन पर बेटे के द्वारा लोन लेने की जानकारी लगने के बाद हुआ। दरअसल खिलचीपुर निवासी दिनेश गुप्ता ने बताया कि 34 साल पहले उनकी शादी बबीता से हुई थी। जिससे उनके दो बेटे यश और पवन है। बच्चों को उन्होंने खूब लाड़ प्यार से बड़ा किया और अच्छी शिक्षा दी। लेकिन बच्चे गलत रास्ते पर चल पड़े। इसी बात को लेकर घर में आए दिन झगड़ा होने लगा। इस बीच पत्नी बबीता भी बच्चों का पक्ष लेने लगी। आए दिन घर में हो रहे विवाद के कारण साल 2020 में उन्होंने अपना घर छोड़ अलग रहने का फैसला किया और फिर किराए के मकान में रहने लगे। उन्होंने बताया कि मुझे जब कॉल आया तो बैंक में जाने के बाद पता चला कि बेटे ने करीब 25 लाख का लोन लेकर कागजों में उन्हें मृत बता दिया।

### ऐसे सामने आया फर्जीवाड़ा

दिनेश गुप्ता ने बताया कि उन्हें किसी परिचित के द्वारा फोन कर जानकारी दी गई कि उनके बेटे यश ने लाखों रुपए का लोन ले रखा है। उन्हें शक हुआ कि उनके घर गिरवी तो नहीं रख दिया।

इसके बाद जब 18 मई को आगर में स्थित एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक पहुंचे तो उन्होंने अपना परिचय देकर लोन की फाइल निकलवाई।

## बड़वानी में बियर की किल्लत के बीच लूट

● कुछ ही घंटों में छह आरोपी गिरफ्तार, 102 पेटी माल भी बरामद



**अनोखा तीर, बड़वानी।**

मध्य प्रदेश में चल रही बियर की कमी के बीच बड़वानी जिले में हुई बियर लूट की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने कुछ ही घंटों में खुलासा कर दिया। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 102 पेटी बियर, एक बोलेरो पिकअप और वारदात में इस्तेमाल दो दुपहिया वाहन बरामद किए हैं।

**बड़वानी के ही रहने वाले हैं सभी आरोपी-** कोतवाली थाना प्रभारी बीएस बिसेन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोविंद भावेल (26), लखन भाभर (29), महेश भुरिया (21), यश उर्फ कान्हा गेहलोत (22), रूपेश सोलंकी (22) और हीरालाल उर्फ मिथुन चौहान (19) के रूप में हुई है। सभी आरोपी बड़वानी जिले के निवासी हैं।

### बियर से भरी पिकअप लेकर हो गए थे फरार

इसके बाद आरोपियों ने चालक और उसके साथी के साथ मारपीट की और पिस्टल होने का डर दिखाकर दोनों को बावनगजा पहाड़ी क्षेत्र की ओर ले गए। वहां से बियर से भरी पिकअप लेकर आरोपी फरार हो गए और बाद में दोनों युवकों को जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया।

### 27 मई की रात हुई थी लूट

पुलिस के अनुसार 27 मई की रात फरियादी इंदौर डिपो से पाटी की शराब दुकान के लिए पिकअप वाहन में 222 पेटी लाइसेंसी बियर लेकर जा रहा था। जब वाहन जिला मुख्यालय के बाहरी क्षेत्र स्थित पाटी नाका के पास पहुंचा, तभी मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उसे रोकने का प्रयास किया। चालक द्वारा वाहन नहीं रोकने पर आरोपियों ने पीछा कर मोटरसाइकिल पिकअप के आगे अड़ा दी और जबरन वाहन रुकवा लिया।

## प्रदेश के बंगला पान की महक पड़ोसी देशों तक

● पान की खेती को प्रोत्साहित करने 10 जिलों के लिये बनी विशेष कार्य योजना

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में किसान कल्याण के लिये निरंतर कार्य किये जा रहे। इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे है। आज मध्यप्रदेश का पान अपनी विशिष्ट सुगंध, कोमलता और स्वाद के कारण देश ही नहीं, बल्कि पड़ोसी देशों में भी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। प्रदेश के छतरपुर, रीवा, मंदसौर, नरसिंहपुर और टीकमगढ़ जैसे जिलों में पान की खेती वर्षों से की जा रही है, जो आज किसानों की आय का एक मजबूत आधार बनती जा रही है। विशेष रूप से छतरपुर का बंगला पान अपनी गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है, जिसकी मांग पड़ोसी देशों- पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका तक फैली हुई है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पान की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष कार्य योजना लागू की गई है, जिसके तहत 10 जिलों को शामिल करते हुए 1 करोड़ 3 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना में किसानों को प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीक, उन्नत किस्मों की रोपाई सामग्री और बरोज निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जा रही है।

छतरपुर में उगाया जाने वाला बंगला पान अपनी



पतली बनावट, हल्की मिठास और लंबे समय तक ताजगी बनाए रखने की क्षमता के कारण निर्यात के लिए उपयुक्त माना जाता है। यही वजह है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। दूसरी ओर रीवा जिले के महसांव क्षेत्र के 2 गांवों में उत्पादित पान की पहचान भी विशेष है। यहां का पान उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों—वाराणसी, प्रयागराज और लखनऊ—तक बड़े पैमाने पर भेजा जाता है, वहां इसे अत्यंत पसंद किया जाता है।

मध्यप्रदेश में पान की खेती मुख्यतः चौरसिया समाज द्वारा परंपरागत रूप से की जाती रही है। यह समाज पीढ़ियों से इस व्यवसाय से जुड़ा है और अपने अनुभव और पारंपरिक ज्ञान के आधार पर उच्च गुणवत्ता का पान तैयार करता है। पान की खेती में बरोज नामक संरक्षित ढांचे का उपयोग किया जाता है, जिसमें तापमान और नमी को नियंत्रित कर पौधों की विशेष देखभाल की जाती है। यह प्रक्रिया श्रमसाध्य होती है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप उत्कृष्ट गुणवत्ता का पान प्राप्त होता है।

वर्तमान समय में पान उत्पादकों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से पान मसाला और गुटखा जैसे उत्पादों के बढ़ते प्रचलन ने पारंपरिक पान की मांग को प्रभावित किया है। युवा पीढ़ी में इन उत्पादों की ओर झुकाव बढ़ने से पान की खपत में कुछ कमी आई है, जिससे किसानों की आय पर भी असर पड़ा है। इसके बावजूद, पारंपरिक पान की सांस्कृतिक और धार्मिक उपयोगिता आज भी बनी हुई है, जो इसकी स्थिर मांग को बनाए रखती है।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से किसान की मौत

**मंदसौर (एजेंसी)।** मंदसौर जिले के पिपलियामंडी थाना क्षेत्र में बेलारा और पलेवना गांव के बीच शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 45 वर्षीय पर्वत लाल पिता भंवर लाल नायर निवासी ग्राम कामलिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वंदना पति जगदीश चंद्र गोड़ गंभीर रूप से घायल हो गईं।

जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय वंदना ग्राम देवरी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत हैं। वे ड्यूटी खत्म कर मंदसौर जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में उन्हें ग्राम कामलिया निवासी किसान पर्वत लाल मिले। वंदना ने उनसे मंदसौर तक छोड़ने की बात कही, जिसके बाद दोनों मंदसौर के लिए रवाना हुए।

## खिलाड़ियों के व्यक्तित्व विकास हेतु प्रेरणादायी सेमिनार आयोजित

# खेल में सफलता के लिए मानसिक शक्ति और सकारात्मक सोच आवश्यक : बीके सुभाष भाई

अनोखा तीर, टिमरनी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आरोह 2026 ग्रीष्मकालीन खेल शिविर के अंतर्गत खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास, व्यक्तित्व निर्माण एवं मानसिक सशक्तिकरण को लेकर स्टेडियम टिमरनी में प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक विशेष प्रेरणादायी सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं आध्यात्मिक मूल्यों का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक हिना खान की उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर बीके सुभाष भाई बिलासपुर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का खिलाड़ी केवल शारीरिक



रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी मजबूत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल में जीत केवल शरीर की ताकत से नहीं, बल्कि मन की स्थिरता, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण से प्राप्त होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर अभ्यास, अनुशासन और संयम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तनाव, नकारात्मक सोच और मोबाइल की लत युवाओं की एकाग्रता को प्रभावित कर रही है। ऐसे में राजयोग मेडिटेशन मन को शक्तिशाली बनाकर खिलाड़ियों की एकाग्रता एवं निर्णय क्षमता को बढ़ाता है। बीके सुभाष भाई ने कहा कि सच्चा खिलाड़ी वही है जो हार में भी सीख देखे और जीत में विनम्रता बनाए रखे। कार्यक्रम में बीके राजेश भाई ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति की प्रतिभा, स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य को धीरे-धीरे समाप्त कर देता है। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने शरीर को ईश्वर की अमूल्य धरोहर मानते हुए नशामुक्त एवं सात्विक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं बीके बबीता बहन ने राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से खिलाड़ियों को गहन शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति कराई। मेडिटेशन के दौरान खिलाड़ियों ने मानसिक हल्कापन, आत्मिक शक्ति एवं नई ऊर्जा का अनुभव किया। विकासखंड समन्वयक हीना अली ने बताया कि आरोह 2026 के अंतर्गत खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ खिलाड़ियों के व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और मानसिक सशक्तिकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को मोबाइल और स्क्रीन की दुनिया से बाहर निकालकर खेल, फिटनेस और सकारात्मक जीवन मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों में विशेष उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों में आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों, सकारात्मक सोच एवं श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण करना रहा। अंत में सभी खिलाड़ियों ने नशामुक्त, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सीईओ ओमप्रकाश मुकाती, संजय जगताप, गगन बोरसे, दिनेश चौधरी, शैलेन्द्र कौशल, हरिश कौशल, रोहित एवं हंस उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी का विशेष सहयोग रहा।


## बरेली एक्सप्रेस में 3 स्लीपर कोच स्थायी रूप से बढ़ाए

**अनोखा तीर, भोपाल।** रेलवे द्वारा यात्री सुविधा एवं बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में भोपाल मंडल होकर संचालित बरेली-लोकमान्य तिलक एवं बरेली-इंदौर एक्सप्रेस में दोनों दिशाओं में स्थायी रूप से 3 अतिरिक्त स्लीपर कोच बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। निर्धारित तिथियों से अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा प्रभावी होगी। गाड़ी संख्या 14313 बरेली-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस में 30 मई 2026 से, गाड़ी संख्या 14314 लोकमान्य तिलक-बरेली एक्सप्रेस में 1 जून 2026 से, गाड़ी संख्या 14319 बरेली-इंदौर एक्सप्रेस में 3 जून 2026 से तथा गाड़ी संख्या 14320 इंदौर-बरेली एक्सप्रेस में 4 जून 2026 से अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। अब उक्त दोनों एक्सप्रेस ट्रेनों में 4 सामान्य कोच, 1 सेकंड एसी, 3 थर्ड एसी, 10 स्लीपर, 1 जनरेटर कार एवं 1 एसएलआरडी सहित कुल 20 कोच रहेंगे। रेलवे के अनुसार इस स्थायी कोच वृद्धि का उद्देश्य यात्रियों को अतिरिक्त आरक्षित सीटों की सुविधा उपलब्ध कराना एवं यात्रा को अधिक आरामदायक बनाना है। इससे प्रतीक्षा सूची में कमी आने के साथ-साथ बेहतर भीड़ प्रबंधन में भी सहायता मिलेगी। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पूर्व ट्रेन के कोच संयोजन की जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट, एनटीईएस, रेल मदद 139 अथवा अधिकृत पूछताछ केंद्रों से प्राप्त करने की अपील की है।

# पांच-पांच दिन की रिमांड पर गिरिबाला और समर्थ सिंह

- **ट्विशा केस में दोनों को आमने-सामने बैठाकर सीबीआई करेगी पूछताछ**





**भोपाल (एजेंसी)।** गिरफ्तारी के बाद पूर्व जज गिरिबाला सिंह की कोर्ट में पेशी हुई है। साथ ही उनके बेटे समर्थ सिंह की पेशी भी हुई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मां-बेटे की पांच दिन की रिमांड मांगी थी। कोर्ट रूम में सुनवाई के दौरान गिरिबाला सिंह के वकीलों ने कोई आपत्ति नहीं जताई है। इसके बाद कोर्ट ने रिमांड मंजूर कर दी है। गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह दो जून तक सीबीआई की रिमांड पर रहेंगे। इन पांच दिनों तक ट्विशा शर्मा केस में अगले पांच दिनों तक पूछताछ होगी। सुनवाई के दौरान गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह एक ही कटघरे में खड़े थे। सुनवाई के दौरान गिरिबाला सिंह की बहस भी हुई है। सीबीआई ने गिरिबाला सिंह को गुरुवार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें अपनी कस्टडी में ले गई थी। रात में उन्हें सीबीआई ऑफिस में रखा गया। इसके बाद उनकी भोपाल जिला कोर्ट में पेशी हुई है। हालांकि गिरिबाला सिंह के चेहरे पर कोई शिकन नहीं दिखी है। ट्विशा शर्मा का पति समर्थ सिंह पहले से ही पुलिस की रिमांड पर था। 29 जून को रिमांड खत्म हो गई। इसके बाद सीबीआई ने पांच दिन की रिमांड पर ली है। दोनों से अब पूछताछ की जाएगी। साथ ही सीबीआई की टीम दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जाएगी। गिरिबाला सिंह भोपाल कोर्ट में ही जज रही हैं। उनके केस की सुनवाई जस्टिस शोभना भलावे की कोर्ट में हुई है। कोर्ट ने सीबीआई की दलीलों को सुनने के बाद उन्हें रिमांड पर सौंप दी है। सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि हमने इन्हें कल ही गिरफ्तार किया है। अभी तक पूछताछ नहीं हुई है। हमें विस्तृत जांच के लिए रिमांड की जरूरत है। इसके बाद कोर्ट ने रिमांड दे दी है। वहीं, गिरिबाला सिंह के वकीलों ने इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई है। क्राइम सीन का विजुअल रिक्रिएशन भी करवाया जाएगा।



# डीआरएम ने सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को दी भावभीनी विदाई





**अनोखा तीर, भोपाल।** मंडल में मई 2026 माह में रेल सेवा से निवृत्त हुए 38 रेलकर्मियों को मंडल कार्यालय में आयोजित गरिमामयी समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त 38 रेलकर्मियों में 2 राजपत्रित अधिकारी, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक एवं मुख्य टिकट परीक्षक, मुख्य लोको निरीक्षक, लोको पायलट, तकनीशियन, हेल्पर, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर, ट्रेन मैनेजर, मुख्य कार्यालय अधीक्षक एवं हेड कांस्टेबल सहित विभिन्न पदों पर कार्यरत 36 रेल कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंतिम निपटान राशि का भुगतान एनईएफटी के माध्यम से किया गया। साथ ही उन्हें पेंशन भुगतान आदेश, मानार्थ पास, परिचय पत्र एवं उदारीकृत चिकित्सा सुविधा कार्ड भी प्रदान किए गए। समारोह में कुल 38 सामान्य सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को 20.15 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया। इस अवसर पर एसबीआई एवं पीएनबी बैंक की ओर से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन स्कीम की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) वाई बी गुप्ता, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक मुरली धर मीना, यूनियन प्रतिनिधि एवं ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवेमेंस फेडरेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उपार्जन व्यवस्था प्रभावित होने से समितियों की वसूली अटकी

- 600 किसानों से ऋण वसूली की चुनौती, अब तक केवल 70 लाख रुपए जमा
- खाद वितरण व्यवस्था भी किसानों के लिए बनी चिंता

**अनोखा तीर, मसनगांव।** खरीफ और रबी सीजन में खाद के रूप में ऋण लेने वाले किसानों की उपज शासकीय खरीदी में नहीं तुल पाने से समितियों की ऋण वसूली प्रभावित हो गई है। मसनगांव समिति में ही करीब 600 किसानों से लगभग 3 करोड़ रुपए की ऋण राशि वसूल की जाना है, लेकिन अब तक केवल 70 लाख रुपए ही जमा हो पाए हैं। शेष राशि की वसूली के लिए समिति कर्मचारियों को गांव-गांव और किसानों के घरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। समिति कर्मचारियों के अनुसार इस बार शासकीय उपार्जन व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही, जिसका असर सीधे तौर पर ऋण वसूली पर पड़ा है। बड़ी संख्या में खातेदार किसानों की उपज समर्थन मूल्य पर नहीं तुल पाई, जिससे किसानों को समय पर भुगतान नहीं मिल सका। भुगतान नहीं मिलने के कारण किसान ऋण जमा करने में असमर्थ बने हुए हैं। जानकारी के अनुसार समिति के लगभग 600 सदस्यों में से कई किसान ऐसे रहे, जो शासकीय खरीदी केंद्रों पर अपनी उपज बेचने से वंचित रह गए। किसानों का कहना है कि स्लॉट बुकिंग, परिवहन, तुलाई और उपार्जन संबंधी व्यवस्थाओं में आई खामियों के कारण उन्हें निजी व्यापारियों को कम दामों पर उपज बेचनी पड़ी। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई और समिति की ऋण वसूली भी अटक गई। समिति के सहायक प्रबंधक अखिलेश पाटिल ने बताया कि खरीफ सीजन में ऋण लेने वाले किसानों को नियत समय में ऋण जमा नहीं करने पर 13 प्रतिशत ब्याज देना होगा। वहीं 31 मई




के बाद रबी सीजन में ऋण लेने वाले किसानों पर भी ब्याज लागू हो जाएगा। ऐसे में किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। ग्राम के किसान बलराम मालवीय, निर्मला राठौर, कमताड़ा के सतीश फुलरे एवं कांकरिया के शिवनारायण पाटिल ने बताया कि इस वर्ष स्लॉट बुकिंग नहीं होने से शासकीय खरीदी में गेहूं की बिक्री नहीं हो पाई, जिससे समिति से लिया गया ऋण जमा नहीं हो सका।

# कलयुग में भगवान का नाम ही जीवन का सबसे बड़ा आधार : पंडित ओमप्रकाश शर्मा

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्राम के स्थानीय राधा-कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिवस श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास पंडित ओमप्रकाश शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा तथा महारास का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में भगवान का नाम ही मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा आधार है। भगवान के नाम का स्मरण करने से जीवन के दुखों से मुक्ति मिलती है और मन को शांति प्राप्त होती है। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के पश्चात ऋषि गर्गाचार्य द्वारा उनका नामकरण संस्कार संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार केवल अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। कथा के दौरान भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया गया कि कंस द्वारा भेजी गई पुतना राक्षसी बालक कृष्ण को मारने के उद्देश्य से गोकुल पहुंची थी, लेकिन भगवान ने उसका उद्धार कर दिया। इस प्रसंग के माध्यम से पंडित शर्मा ने कहा कि भगवान अपने भक्तों की सदैव रक्षा करते हैं और दुष्टों का अंत निश्चित होता है। कथा में भगवान शिव के गोकुल आगमन का प्रसंग भी सुनाया गया।

भगवान शिव बालक कृष्ण के दर्शन करने के लिए साधु का रूप धारण कर गोकुल पहुंचे थे। गोवर्धन पूजा का महत्व बताते हुए पंडित शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को प्रकृति और गौसेवा का महत्व समझाया था। उन्होंने इंद्र पूजा के स्थान पर गोवर्धन पूजा करने का संदेश दिया। इससे क्रोधित होकर इंद्र ने ब्रज में मूसलधार वर्षा शुरू कर दी। तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर सात दिनों तक गोवर्धन पर्वत धारण कर समस्त ब्रजवासियों और गौधन की रक्षा की। इस लीला के पश्चात ब्रजवासियों ने भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर उत्सव मनाया। महारास का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान और भक्त का संबंध प्रेम और समर्पण का होता है। कलयुग में भक्ति और भगवान के नाम का जाप ही मोक्ष प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग है। कथा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन में झूमते नजर आए और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।



## सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों पर दर्ज फर्जी एफआईआर निरस्त करने की मांग

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम रेंज, आयुक्त नर्मदापुरम, कलेक्टर हरदा एवं पुलिस अधीक्षक हरदा को पत्र प्रेषित कर सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध दर्ज की गई कथित झूठी एफआईआर निरस्त करने की मांग की है। विधायक डॉ. दोगने द्वारा प्रेषित पत्र में उल्लेख किया कि हरदा जिले के ग्राम रेलवां निवासी अजब सिंह, उम्र 80 वर्ष, ने कथित पुलिस प्रताड़ना से व्यथित होकर 10 मई 2026 को अपने खेत में जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के विरोध में सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शांतिपूर्ण तरीके से हंडिया थाना पहुंचे थे और थाना परिसर में आरोपी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध विधिसम्मत एवं दंडात्मक कार्रवाई की मांग की थी। पत्र में कहा गया है कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन उसी रात समाप्त कर दिया गया था तथा प्रदर्शन के दौरान किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग अथवा सार्वजनिक मार्ग पर चक्का जाम नहीं किया गया। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा तथ्यों को तोड़-मरोड़कर सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध कथित रूप से दुर्भावनापूर्ण एवं राजनीतिक दबाव में झूठी एफआईआर दर्ज की गई। डॉ. दोगने ने आरोप लगाया कि पुलिस की यह कार्रवाई प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है तथा जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का मनोबल गिराने और उन्हें भयभीत करने के उद्देश्य से की गई प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से क्षेत्र में जनता के बीच रोष व्याप्त है और शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। विधायक ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।



# हाथ कटाई के बजाय हार्वेस्टर से अधिक कटवा रहे किसान

## मूंग कटाई में आई तेजी

अनोखा तीर, करताना।

क्षेत्र में इन दिनों मूंग कटाई में तेजी दिखाई दे रही है। वर्तमान में किसान खेतों में दवाई डालकर मूंग फसल को सुखाने के बाद हार्वेस्टर से कटाई करवा रहे हैं। वहीं कई खेतों में मजदूरों द्वारा हाथों से भी मूंग की फसल काटी जा रही है। आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए किसानों द्वारा मूंग फसल कटवाने का कार्य तेज कर दिया गया है। हरी मूंग के पौधों में दवाई डालकर सुखाने के बाद हार्वेस्टर से मूंग की कटाई की जा रही है। वहीं जिन किसानों ने मूंग की बोवनी देर से की थी, उनके खेतों में लगी मूंग की फलियां अभी हरी हैं। क्षेत्र के अधिकांश गांवों में मूंग फसल की कटाई शुरू हो चुकी है। हार्वेस्टर से मूंग फसल कटाई के बाद खेत में शेष बचे कचरे को जलाया जा रहा है। इसके चलते धुआं सड़क तक पहुंचने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## खाद वितरण को लेकर भी परेशानी

खरीफ सीजन की तैयारी के बीच खाद वितरण व्यवस्था भी किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए ई-टोकन बुक कराना पड़ रहा है, लेकिन तकनीकी दिक्कतों और सीमित उपलब्धता के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समिति से मिली जानकारी के अनुसार सोयाबीन फसल के लिए किसानों को केवल एक बोरी डीएपी अथवा एक बोरी एनपीके खाद ही उपलब्ध कराया जाएगा। सुपर फास्फेट खाद पर ई-टोकन व्यवस्था लागू नहीं होगी। वहीं सोयाबीन फसल के लिए यूरिया खाद उपलब्ध नहीं कराने की बात भी सामने आई है। समिति प्रबंधकों ने बताया कि जिन किसानों द्वारा ऋण राशि जमा कर दी जाएगी, उन्हीं किसानों को खाद वितरण की सुविधा दी जाएगी। इससे बकाया ऋण वाले किसानों की चिंता और बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि उपज का भुगतान समय पर नहीं मिलने, बाजार में फसल के कम दाम और लगातार बढ़ते कृषि खर्चों के कारण आर्थिक संकट गहरा गया है। ऐसे में ऋण जमा करने और खरीफ सीजन की तैयारी करना दोनों ही बड़ी चुनौती बन गए हैं।

# नर्मदा किनारे अवैध ईंट भट्टों से प्रदूषित हो रहा पर्यावरण

- लीज पर भूमि लेकर ईंट निर्माण के लिए 6 से 8 फीट तक खोदे जा रहे खेत
- खनिज एवं राजस्व अधिनियम की उड़ाई जा रही धज्जियां

अनोखा तीर, हंडिया।

नर्मदांचल क्षेत्र में लंबे समय से किसानों की भूमि लीज पर लेकर अवैध ईंट भट्टों का संचालन किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। वहीं शासन-प्रशासन के तमाम दावे भी यहां खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं। जानकारों के अनुसार नर्मदा किनारे कुछ ईंट कारोबारी धार्मिक स्थलों के समीप ही ईंट भट्टों का संचालन कर रहे हैं। ईंट निर्माण के लिए जेसीबी मशीनों से गहरी खुदाई की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे बरसात और नर्मदा नदी में बाढ़ आने की स्थिति में आसपास की कृषि भूमि एवं गांवों को खतरा बढ़ सकता है।

### चोरी-छिपे जेसीबी मशीनों से हो रही मिट्टी की खुदाई

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ईंट निर्माण के लिए जेसीबी मशीनों से अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई कर नर्मदा किनारों का स्वरूप बिगाड़ा जा रहा है। उनका कहना है कि दिन-रात मिट्टी निकालने का कार्य जारी है, लेकिन खनिज एवं






राजस्व विभाग कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साधे हुए है। सूत्रों के अनुसार हर वर्ष करोड़ों ईंटों का निर्माण बिना अनुमति के किया जाता है। इससे शासन को मिलने वाली खनिज रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना अनुमति के संचालित हो रहे ईंट भट्टों के कारण शासन के नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।

### हरे वृक्षों की कटाई कर ईंट भट्टों में किया जा रहा उपयोग

नर्मदांचल क्षेत्र में संचालित अवैध ईंट भट्टों में ईंट पकाने के लिए हरे-भरे वृक्षों की कटाई किए जाने का भी आरोप है। बताया जा रहा है कि खेतों के किनारे लगे पेड़ों को काटकर उनकी लकड़ियों का उपयोग ईंट भट्टों में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग के नियमों के तहत किसानों की भूमि ढाई फीट से अधिक नहीं खोदी जा सकती, लेकिन आरोप है कि ईंट भट्टा संचालक 6 से 8 फीट तक खुदाई करवा रहे हैं।

### बिना अनुमति के हो रहा करोड़ों ईंटों का निर्माण

नर्मदा नदी किनारे बिना रोक-टोक अवैध ईंट भट्टों का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। गबला और मैदा क्षेत्र में ईंट निर्माण के लिए लाई जा रही मिट्टी से पर्यावरण प्रदूषित होने की बात भी सामने आ रही है। वहीं एनजीटी के नियमों की भी अनदेखी किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं।



अनोखा तीर 3

# हरदा नगर

हरदा, शनिवार 30 मई 2026

## शासकीय महाविद्यालय के कर्मचारियों को दी ई-ऑफिस संचालन की ट्रेनिंग

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी परविंदर यादव के मार्गदर्शन में नेटवर्क इंजीनियर सागर शर्मा ने शुक्रवार को पीएम श्री स्वामी विवेकानंद शासकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय हरदा के प्राचार्य एवं कर्मचारियों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को ई-ऑफिस के प्रभावी उपयोग में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करना तथा उन्हें दैनिक कार्यों में इस प्रणाली का सुगमता से उपयोग करने में सक्षम बनाना है।



## सार-समाचार

### दिव्यांगजन जिला सलाहकार समिति का गठन

**पारे सहित तीन अशासकीय सदस्य नियुक्त**

**अनोखा तीर, हरदा।** प्रदेश के खेल एवं युवक कल्याण तथा सहकारिता मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री एवं सांसद डीडी उईके, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक संजय शाह तथा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा की सहमति से जिले में दिव्यांगजन जिला सलाहकार समिति का गठन किया है। समिति का गठन जिला कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में किया गया है। समिति में चार अशासकीय सदस्यों को भी शामिल किया गया है, जिनमें ग्राम नादवा के मीडियाकर्मी दीपक पारे, सार्थक आश्रम सेवा समिति हरदा के बलराम काले, राजेंद्र सिंह राजपूत बारजा तथा संतोष पारे गोपालपुरा को सदस्य मनोनीत किया गया है। इसके अलावा समिति में सीईओ जिला पंचायत, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधिकारी, महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार, जिला रोजगार अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं ग्रामीण विकास सहित संतोष राजपूत ग्रामीण विकास प्रबंध संस्थान हरदा को सदस्य नियुक्त किया गया है। यह समिति जिले के दिव्यांगजनों के समग्र विकास एवं रोजगार के लिए कार्य करेगी तथा विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं को प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में सार्थक पहल करेगी। अशासकीय सदस्यों की नियुक्ति पर क्षेत्र के लोगों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।



### आरोह 2026 के तहत खो-खो प्रतियोगिता सम्पन्न

**जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला**

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा संचालित 'आरोह 2026' अभियान के तहत 'सोसाइटी इंगेजमेंट' गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों की खेल गतिविधियों में सहभागिता सुनिश्चित करना था। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि स्थानीय लोगों की सहभागिता बनाए रखने के लिए शिविर के दौरान खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर, महामंत्री पुरुषोत्तम झिंझोरे एवं आशुतोष गोस्वामी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। अतिथियों ने मैदान पर



नारियल अर्पित कर खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि खेलों में सामुदायिक सहभागिता जरूरी है, जिसमें परिवार एवं माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अभिभावकों से समय-समय पर खेल मैदानों पर आने की अपील की। साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता, अनुशासन एवं खेल भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया। नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर ने कहा कि शिविर के माध्यम से युवाओं को खेलों से जोड़ने एवं समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह खिलाड़ियों के हित में सराहनीय कदम है। प्रतियोगिता डीएसबीडब्ल्यू एवं खो-खो कल्याण संघ के मध्य खेली गई। खो-खो कल्याण संघ ने 7-7 मिनट की दो पारियों में 12-9 एवं 10-8 खिलाड़ियों को आउट कर जीत दर्ज की। सभी खिलाड़ियों ने जोश, जज्बे एवं कौशल के साथ मैत्री मैच खेला। प्रतियोगिता का संचालन खो-खो कल्याण संघ सचिव भूपेंद्र सिंह तोमर, राष्ट्रीय खिलाड़ी सचिन बरकड़े, नितिन रामकुचे, दर्शन खोरे एवं पलक उइके ने किया। इस अवसर पर एथलेटिक्स प्रशिक्षक राजेश जलाबड़ा, हॉकी कोच संदीप सौदे, फुटबॉल कोच इमरान खान, वॉलीबॉल कोच अनंत यादव, हैंडबॉल कोच गौतम विश्वकर्मा, नवनीत शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं नागरिकों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

### साइलेज तकनीक और 'गौरस' एप से पशुपालकों को किया जागरुक

**अनोखा तीर, हरदा।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला हरदा द्वारा एफआईएम कार्यक्रम अंतर्गत इंदौर रोड स्थित कार्यालय परिसर में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में साइलेज तकनीक के उपयोग, हरे चारे के संरक्षण, दुग्ध उत्पादन की आधुनिक तकनीकों तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म 'गौरस' एप के उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत हरदा अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल पटेल उपस्थित रहे। कार्यशाला में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए 92




पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों, दुग्ध सहकारी समितियों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। दर्शन सिंह गेहलोत ने कहा कि आधुनिक पशुपालन में उन्नत चारा प्रबंधन का विशेष महत्व है। साइलेज तकनीक अपनाकर पशुपालक हरे चारे की कमी के समय, विशेषकर गर्मी के मौसम में, अपने पशुओं के लिए पौष्टिक आहार सुनिश्चित कर सकते हैं। इससे दुग्ध उत्पादन में स्थिरता और वृद्धि होगी। राहुल पटेल ने विभाग की डिजिटल पहल की सराहना करते हुए पशुपालकों से शासकीय योजनाओं और 'गौरस' एप का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने साइलेज निर्माण की विधि, कम लागत में उन्नत चारा उत्पादन तथा ई-मार्केट प्लेटफॉर्म और 'गौरस' एप की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन कर तकनीकी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में उपसंचालक डॉ. अजय रामटेके ने अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं पशुपालकों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यशाला में सीखी गई तकनीकों को व्यवहारिक पशुपालन में अपनाने की अपील की।



## जल सेवा समिति ने 1800 लीटर शीतल जल पिलाकर की सेवा



**अनोखा तीर, टिमरनी।** जल सेवा समिति टिमरनी द्वारा रेलवे स्टेशन पर 90 आरओ वाटर कैन के माध्यम से करीब 1800 लीटर शीतल जल रेल यात्रियों को पिलाया गया। भीषण गर्मी के बीच समिति की ओर से लगातार जल सेवा का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान गणेश शांडिल्य गायत्री शक्तिपीठ, ओपी मुकाती रिटायर्ड सीओ एवं नितिन द्वारा सभी जल सेवकों को ठंडी छाछ पिलाई गई। समिति ने तीनों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं रामू भाई खिड़कियां वालों द्वारा प्रतिदिन समिति को 150 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की जा रही है, जिसके लिए समिति ने धन्यवाद ज्ञापित किया। जल सेवा में समिति के उपाध्यक्ष दीपक पटवारे, कोषाध्यक्ष मदन पंजाबी, सचिव नीतेश सरवरे, मीडिया प्रभारी पप्पू धनगर एवं दीपक विवरिया सहित गणेश शांडिल्य, रविंद्र यदुवंशी, मुन्ना कैथवास, अक्षय शांडिल्य, सागर तिवारी, रामकिशोर, राधेश्याम, मुकेश अग्रवाल, पंकज तिवारी, मोहित तिवारी, सुनील यादव, राजेश मिश्रा, ब्रजेश रिछारिया, राष्ट्रीय कवि मुकेश शांडिल्य, अतुल पगारे, किशोर काका, सुनील बडोदिया, अरविंद बिल्लोरे, रजनीश मंडलोई, सतीश सेजकर, राकेश भाई, खान साहब, अरविंद वशिष्ठ, राजू चावके, दिलीप कैथवास, नीतू महेश, मयंक कैथवास, सुनील अग्रवाल, मनोज चौधरी, विजय कावडे, लकी, नरेंद्र डोंगरे, रोहित, महेश, अरुण बौरासी, आनंद कैथवास, डॉ.अनिल कपूर, अशोक राठौर, हेमराज सेजकर, विजय भैया, विनोद गुर्जर, आयुष, आदित्य, रामू, अनिल, गणेश यदुवंशी, विराट, कृष्णा, सीताराम पाल, विजय, रितेश बौरासी, आशीष, मयंक, हनी, राहुल, युवराज, योगेश, आनंद, शिवांश तिवारी, आशीष पंडित, संतोष, ओंकार, रोहित यादव, विनोद यादव, रवि भाई, सुजल मालवीय, विष्णु कैथवास, पीयूष चौधरी, दुर्गा आठनेर, राजेंद्र आठनेर, प्रथम अग्रवाल, दिव्यांश व्यास, नरेंद्र नागरे, सूरज, आदित्य कृष्णा नागले, महेश मालवीय तथा समिति की महिला सदस्य रेवा आठनेर एवं हेमा विजय का विशेष सहयोग रहा।

**माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरुकता कार्यक्रम**

# किशोरियों ने दिया चुप्पी तोड़ो, खुलकर बात करो का संदेश




**अनोखा तीर, हरदा।**

हरदा जिले में माहवारी स्वच्छता पर केंद्रित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। माहवारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ इस विषय पर बात करने के सामाजिक संकोच को दूर करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल एवं महाविद्यालयों की किशोरी बालिकाओं के साथ जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। स्थानीय ग्वालनगर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर पोस्टर मेकिंग, रैली एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में शामिल किशोरी बालिकाओं ने चुप्पी तोड़ो, खुलकर बात करो का संदेश पोस्टरों के माध्यम से दिया। वहीं ग्वालनगर में रैली निकालकर इस विषय पर समाज में व्याप्त झिझक को कम करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की उमंग काउंसलर पारुल काशिव, महिला एवं बाल विकास विभाग से प्रभारी परियोजना अधिकारी भारती भल्लावी, पर्यवेक्षक पूजा चौहान, रेखा गौर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीनू लाहोरे, सुनीता चौरे, मुनेश उमरिया, सपना शर्मा, रानी वर्मा, सुनीता दूधे, माया चौरे सहित बड़ी संख्या में आसपास के वार्डों की किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं। उमंग काउंसलर पारुल काशिव ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताते हुए कहा कि माहवारी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों, अंधविश्वासों एवं हिचकिचाहट को समाप्त करना आवश्यक है। साथ ही गरीब एवं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं और किशोरियों तक सैनिटरी पैड, स्वच्छ पानी एवं सुरक्षित शौचालयों की पहुंच सुनिश्चित करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्कूल जाने वाली बच्चियों को सही जानकारी देने से वे पीरियड्स के दौरान स्कूल छोड़ने जैसी समस्या से बच सकेंगी। प्रभारी परियोजना अधिकारी भारती भल्लावी ने माहवारी स्वच्छता को लेकर ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, वहीं पर्यवेक्षक पूजा चौहान ने सामाजिक कुरीतियों एवं भ्रांतियों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि आज भी समाज में महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य से जुड़े कई विषयों पर खुलकर चर्चा नहीं की जाती। माहवारी स्वच्छता प्रबंधन भी ऐसा ही विषय है, जिस पर वर्षों से चुप्पी बनी हुई है, जबकि यह किशोरियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास से सीधे जुड़ा हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि किशोरावस्था में 9 से 14 वर्ष की आयु के बीच माहवारी की शुरुआत होती है, लेकिन सही जानकारी के अभाव में किशोरियां इसे सामान्य शारीरिक प्रक्रिया के बजाय सामाजिक संकोच का विषय मान लेती हैं। इससे उनके आत्मविश्वास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि महिलाओं के स्वास्थ्य और सम्मान के लिए सुरक्षित माहवारी अत्यंत आवश्यक है। माहवारी से जुड़ी गलत धारणाओं और मिथकों को दूर करने के लिए किशोरियों से इस विषय पर खुलकर चर्चा करना जरूरी है। इससे संक्रमण की संभावना कम होती है और लड़कियों की स्कूल में उपस्थिति भी बढ़ती है।



## लेखक संघ ने धूमधाम से मनाया रतन सिंह सोलंकी का 75वां जन्मदिन

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्य प्रदेश लेखक संघ जिला इकाई हरदा के वरिष्ठ सदस्य एवं साहित्यकार रतन सिंह सोलंकी का 75वां जन्मदिन जिला इकाई द्वारा धूमधाम से मनाया गया। सभी उन्हें स्नेहपूर्वक रतन दादा के नाम से संबोधित करते हैं। इस अवसर पर प्रसिद्ध पत्रकार, मंचीय व्यंग्यकार एवं छंदज्ञ लोमेश गौर के निजी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकारों एवं अतिथियों ने रतन दादा का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। जन्मदिन समारोह के उपरांत सुप्रसिद्ध



समाजसेवी एवं क्षणिकाकार अशोक नेगी के मुख्य आतिथ्य में सरस काव्य गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें सभी साहित्यकारों ने रतन दादा को काव्यात्मक शुभकामनाएं देते हुए अपनी प्रतिनिधि रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम में भोपाल से पधारे अतिथि विनोद गौर एवं हरदा की साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान ज्ञानेश चौबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। काव्य गोष्ठी में इकाई अध्यक्ष सुभाष सिटोके, पूर्व अध्यक्ष जयकृष्ण चांडक एवं जीआर गौर, रमेश भद्रावले, बृजमोहन अग्रवाल, बालमुकुंद ओझा, नरेंद्र वर्मा, संचालक कपिल दुबे, शिरीष वर्मा, मंसूर अली, मदन व्यास, लोमेश गौर, अशोक नेगी एवं स्वयं रतन दादा ने रचनापाठ कर कार्यक्रम को साहित्यिक गरिमा प्रदान की। सभा में दिवंगत शायर पद्मश्री डॉ. बशीर बद्र को दो मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। अंत में स्वल्पाहार एवं रतन दादा के आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर ब्रिगेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम स्टायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# जाम्भाणी संस्कार शिविर का हुआ समापन

**शिविरार्थियों को किया पुरस्कृत**

**अनोखा तीर, हरदा।**

जाम्भाणी साहित्य अकादमी बीकानेर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय संस्कार शिविर का समापन गुरु जंभेश्वर मंदिर विश्नोई संत आश्रम नेमावर में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिविर संयोजक स्वामी आत्मानंद ने की। मुख्य अतिथि मध्य क्षेत्र बिश्नोई सभा के अध्यक्ष आत्माराम पटेल रहे। विशेष अतिथि कोषाध्यक्ष श्यामलाल बाबल, लक्ष्मीनारायण पवार, राहुल पटेल तथा राजस्थान से आए प्रशिक्षक हरिराम खीचड़ उपस्थित रहे। अतिथियों ने शिविरार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। नेमीचंद बेनीवाल ने शिविर प्रतिवेदन का वाचन करते हुए पांच दिनों में आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। शिविरार्थियों ने जंभेश्वर भगवान के उपदेश, 29 नियमों की व्याख्या, शिक्षा, संस्कार, योग एवं खेल का महत्व, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, व्यक्तित्व विकास तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। शिविर संचालन में जाम्भाणी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय संगठन सचिव पूनमचंद पवार, कैलाश गोदारा, कैलाश आंजना, मनमोहन पवार, अमृतलाल पूनिया, दिनेश सारन गुरु जी, रामसुख बेनीवाल, राजेंद्र भादू, नेमीचंद बेनीवाल, ईश्वर स्याग, उमेश बेनीवाल, डॉ. इंद्रपाल जानी, योगेश जानी एवं पूनम जानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पांच दिवसीय शिविर के दौरान विद्यार्थियों की क्षमता वृद्धि के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सभी शिविरार्थियों एवं शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और बैग देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों का सम्मान जंभेश्वर भगवान के साहित्य एवं केप भेंटकर किया गया। आत्माराम पटेल ने कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता का आजीवन सम्मान और सेवा करनी चाहिए। इससे बड़ा पुण्य कोई नहीं है। हरिराम खीचड़ ने शिविर से सीखी बातों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। लक्ष्मीनारायण पवार ने शिक्षा, संस्कार और व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वामी आत्मानंद ने बच्चों में संस्कारों की अलख जगाने और उन्हें सही दिशा देने में ऐसे शिविरों की उपयोगिता बताई। अंत में उन्होंने शिविर को सफल बनाने वाले शिक्षकों, दानदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।




**बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश-** शिविर स्थल के पास नेमावर स्थित ग्वाल टेकरी पर फैले कचरे को साफ कर बच्चों ने स्वच्छता का संदेश दिया। यहां बड़ी मात्रा में डिस्पोजल सामग्री और पॉलिथीन फैली हुई थी, जिसे शिविरार्थियों ने उत्साह के साथ एकत्रित किया। इस दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, हरदा जिला-हरदा**

PH. No. 07577-222238, Mail - cmoharda@mpurban.gov.in

क्र./ वाहन शाखा/26/2976 हरदा, दिनांक : 29/05/2026

**// ई-निविदा आमंत्रण//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, हरदा जिला-हरदा को अपने अपलेखित वाहनों की सार्वजनिक नीलामी किये जाने हेतु ई-निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई है। इस हेतु निविदा क्रमांक **2026_UAD_511381_1 दिनांक 29/05/2026** को जारी की गई है। ऑनलाईन टेण्डर क्रय दिनांक **29/05/2026 से दिनांक 12/06/2026** समय सांय **05:30** बजे तक एवं बीड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **12/06/2026** समय सायं **5:30** बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना आमंत्रण एवं अन्य जानकारी वेबसाईट **www.mptenders.gov.in** पर भी देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, हरदा**

# संपादकीय

# 'कॉकरोच जनता पार्टी' की डिजिटल लोकप्रियता के सियासी निहितार्थ

कॉकरोच जनता पार्टी जैसे व्यंग्यात्मक डिजिटल पेज को लाखों लाइक मिलना केवल इंटरनेट-मज़ाक नहीं माना जा सकता, बल्कि यह कई गहरे सामाजिक-राजनीतिक संकेत देता है- खासकर युवाओं, मध्यम वर्ग और डिजिटल समाज की मानसिकता के बारे में। यही वजह है कि केंद्र-राज्यों में सत्तारूढ़ दलों और नागरिक प्रशासन को सावधान हो जाना चाहिए, अन्यथा उन्हें अगली जेन-जी क्रांति के साइड इफेक्ट्स का सामना करना पड़ सकता है। बताया जाता है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की टिप्पणी अशोभनीय थी, जिससे अब खुद भी वो मुकर चुके हैं, लेकिन उनकी उक्ति ने सत्ता प्रतिष्ठान की सोच को उजागर करके लोगों को भड़काने का काम किया है, और शायद विपक्षी दलों के हिमायती लोग और उनकी समर्थक युवा पीढ़ी इसी मौके की तलाश में थी, जो कॉकरोच जनता पार्टी जैसे व्यंग्यात्मक डिजिटल पेज के सृजन और उसको मिले लाखों लाइक से स्पष्ट होती है। इसे केवल इंटरनेट-मज़ाक समझने की बजाए इस असंतोष की जड़ में जाना होगा। कॉकरोच जनता पार्टी' की डिजिटल लोकप्रियता के सियासी निहितार्थ निम्नलिखित हैः- पहला, व्यवस्था के प्रति बढ़ती निराशा-हताशाः जब बड़ी संख्या में लोग किसी व्यंग्यात्मक या मीम-आधारित राजनीतिक पेज से जुड़ते हैं, तो इसका अर्थ होता है किः लोग पारंपरिक राजनीति से असंतुष्ट हैं, और उन्हें लगता है कि उनकी समस्याएँ नहीं सुनी जा रहीं, और वे गुस्से को हास्य, व्यंग्य और डिजिटल ट्रेंड के रूप में व्यक्त कर रहे हैं। दूसरा, जेन-जीकी 'डिजिटल राजनीति': आज की युवा पीढ़ी




सड़क से पहले सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देती है, मीम, रील, ट्रोलिंग और व्यंग्य को राजनीतिक अभिव्यक्ति का माध्यम बना चुकी है। इसलिए ऐसे पेज 'डिजिटल जनमत' का संकेत बन जाते हैं। तीसरा, बेरोज़गारी और अवसर संकट का दबावः ऐसे प्लेटफॉर्मों की लोकप्रियता अक्सर इन मुद्दों से जुड़ती हैः बेरोज़गारी, परीक्षा पेपर लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं में देरी, महंगाई, और अवसरों में असमानता। लिहाजा, जब युवाओं को लगता है कि मेहनत के बावजूद व्यवस्था निष्पक्ष नहीं है, तब व्यंग्यात्मक आंदोलन लोकप्रिय होने लगते हैं। चौथा, राजनीतिक दलों पर भरोसे में गिरावटः यह संकेत भी माना जा सकता है कि कुछ युवाओं को मुख्यधारा के दलों में अपना प्रतिनिधित्व नहीं दिख रहा, वे 'एंटी-एस्टैब्लिशमेंट' भावनाओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यानी वे सीधे किसी पार्टी का समर्थन नहीं, बल्कि 'सिस्टम विरोधी भावना' व्यक्त कर रहे हैं। पांचवां, डिजिटल असंतोष भविष्य में वास्तविक आंदोलन बन सकता हैः इतिहास बताता है कि कई बड़े आंदोलन पहले सोशल मीडिया ट्रेंड के रूप में शुरू हुए, और बाद में वे वास्तविक राजनीतिक दबाव में बदल गए। हालाँकि हर वायरल ट्रेंड आंदोलन नहीं बनता, लेकिन यह 'सामाजिक तापमान' अवश्य दिखाता है। छठा, हास्य अब राजनीतिक हथियार बन चुका हैः पहले राजनीतिक विरोध भाषण, धरना, पोस्टर तक सीमित था। अब मीम, पैरोडी, व्यंग्यात्मक नाम, वायरल वीडियो भी जनभावना को प्रभावित कर रहे हैं। सातवां, भारत में 'डिजिटल क्रांति' का संकेतः यह भी माना जा सकता है कि भारत में असंतोष फिलहाल संगठित सड़क आंदोलन से ज्यादा, डिजिटल संस्कृति में दिखाई दे रहा है। यानी भारत का जेन-जेड पहले 'ऑनलाइन राजनीतिक चेतना' बना रहा है। लेकिन सावधानी भी जरूरी सोशल मीडिया की लोकप्रियता हमेशा वास्तविक जनसमर्थन के बराबर नहीं होती।

# अमेरिका-ईरान युद्ध से महंगाई के कारण आमजन प्रभावित

भले ही 1970 के तेल संकट जैसे हालात होने की संभावना ना हो या 2008 जैसी वित्तीय मंदी के हालात ना हो फिर भी एक बात साफ है कि अमेरिका-ईरान के बीच करीब तीन माह से चल रहे युद्ध के नकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। चाहे एशिया के देश हो या फिर योरोपीय देश सभी केवल वैश्विक तनाव ही नहीं अपितु ईंधन आपूर्ति प्रभावित होने से बढ़ते दामों को रोकने में विफल ही हो रहे हैं। पिछले किसी एक व्यक्ति या किसी एक दल का नहीं अपितु सभी राजनीतिक दलों का दायित्व हो जाता है। अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई है। ईंधन संकट का बड़ा कारण अमेरिका-ईरान युद्ध ना होकर अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण हार्मुज संकट बन गया है। हार्मुज के रास्ते से ही कच्चे तेल की आपूर्ति होती है और तनाव के चलते हार्मुज जनडमरुमध्य रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया है



दस-पन्द्रह दिनों में ही हमारे देश में पेट्रोल- एलपीजी- सीएनजी- पीएनजी के दामों में एक बार नहीं अपितु तीन बार बढ़ोतरी हो चुकी है। हांलाकि वर्तमान हालातों में सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। विपक्ष चाहे लाख आरोप लगाये या आंदोलन-प्रदर्शन करें पर अंतरराष्ट्रीय हालातों से आंख नहीं मूंदनी चाहिए। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमजन से आग्रह को भी इसी संदर्भ में सकारात्मकता से लिया जाना चाहिए। वैसे भी जब संकट का दौर हो और उस संकट के लिए हम या हमारी सरकार जिम्मेदार नहीं हो तो फिर देश में नकारात्मक माहौल बनाने के स्थान पर सकारात्मक माहौल बनाया जाना चाहिए। यह इससे आपूर्ति प्रभावित हो रही है। यह तो वैकल्पिक उर्जा के रुप में देश में सोलर, विण्ड एनर्जी के क्षेत्र में पिछले सालों में योजनावद्ध तरीके से तेजी से और बेहतर काम हुआ है और इसी का परिणाम है कि आज प्रधानमंत्री इलेक्ट्रोनिक वाहनों के उपयोग या सोलर एनर्जी के उपयोग पर खुले तौर पर आग्रह करने की स्थिति में है। नवीकरणीय उर्जा के क्षेत्र में देश में तेजी से काम हुआ है और हो रहा है जो एक हद तक संकट को कम करने में सहायक बन रहा है। आज की दुनिया आइसोलेट दुनिया नहीं है। एक देश की दूसरे देश पर निर्भरता बढ़ी है। कहीं से ईंधन के लिए तो कहीं से खाद्यान्न, कहीं दवा, कहीं अन्य किसी वस्तु के लिए निर्भरता बढ़ी है।

**आज "कॉकरोच" शब्द का इस्तेमाल राजनैतिक व्यंग और आलोचना के लिए किया जा रहा है। रूपक में कॉकरोच उसे कहा जाता है, जो "अंधेरे में वार करता है", बनी-बनाई व्यवस्था को नुकसान पहुँचाता है, सड़न से पनपता है और समाज में गंदगी (नकारात्मकता या दुर्भावना) फैलाता है। "कॉकरोच जनता पार्टी" की चर्चा हाल ही में सोशल मीडिया (खासकर इंस्टाग्राम) पर "कॉकरोच जनता पार्टी" नाम से एक अभियान/पेज वायरल हुआ है। यह राजनीतिक दलों पर व्यंग्य, पॉलिटिकल नैरेटिव, और "मीम्स" के रूप में काफी चर्चा बटोर रहा है, जो सदैव नकारात्मक प्रतीक के रूप में देखा जाता है।**



- राजीव खंडेलवाल
(लेखक, कर सलाहकार एवं पूर्व अध्यक्ष, बैतूल सुधार न्यास)

# कॉकरोच जनता पार्टी

## -व्यंग, व्यवस्था या युवा असंतोष का प्रतीक?

पिछले कुछ दिनों से मेरे कई पाठक दोस्त मुझे कह रहे थे कि आपने अभी तक "कॉकरोच" (जो बिल से बाहर निकल गया हैं") पर लेख नहीं लिखा? जो इस समय देश में ही नहीं विदेशों में भी बहुचर्चित व छाया हुआ है। ऐसा नहीं कि मैंने इस पर लेख लिखने का सोचा नहीं। परन्तु जब भी लेख लिखने की सोचता था, तो मुझे यह लगा कि इस पर लिखना उसी "कॉकरोच" को जनता के बीच में और अधिक प्रकाश में लाना होगा, जिसका मूल चरित्र ही अंधेरे में रहना है, जो "अंधकार से प्रकाश" में नहीं आना चाहता है। इसलिए पहले कॉकरोच का मूल चरित्र क्या है, उसको जान लें।

"**कॉकरोच एक कीट** "- "जैविक प्राणी" के रूप में "कॉकरोच" को हिंदी में "तिलचट्टा" कहा जाता है। यह पृथ्वी पर डायनासोर के समय (लगभग 35 करोड़ साल पुराना) से मौजूद एक कीट है। विपरीत परिस्थिति में भी जीवित रहने की उसकी क्षमता अद्भुत मानी जाती है। यह बिना सिर के कई दिनों तक और 40 मिनट तक सांस रोक कर पानी में जिंदा रह सकता है। अंधेरे और गंदगी का प्रतीक यह नमी वाली और गंदी जगहों (जैसे नालियों और कचरे) में छुपकर रहता है। यह "रात" में सक्रिय होता है, खाना खराब करता है, और बैक्टीरिया फैलाकर बीमारियां व बदबू लाता है।

"**राजनीतिक/सामाजिक संदर्भ** "- आज "कॉकरोच" शब्द का इस्तेमाल राजनैतिक व्यंग और आलोचना के लिए किया जा रहा है। रूपक में कॉकरोच उसे कहा जाता है, जो "अंधेरे में वार करता है", बनी-बनाई व्यवस्था को नुकसान पहुँचाता है, सड़न से पनपता है और समाज में गंदगी (नकारात्मकता या दुर्भावना) फैलाता है। "कॉकरोच जनता पार्टी" की चर्चा हाल ही में सोशल मीडिया (खासकर इंस्टाग्राम) पर "कॉकरोच जनता पार्टी" नाम से एक अभियान/पेज वायरल हुआ है। यह राजनीतिक दलों पर व्यंग्य, पॉलिटिकल नैरेटिव, और "मीम्स" के रूप में काफी चर्चा बटोर रहा है, जो सदैव नकारात्मक प्रतीक के रूप में देखा जाता है।

यंग की व्यंग्य राजनीति? अथवा राजनीति का व्यंग्य कहा जाता है जब शब्द या संवाद कमजोर पड़ जाते हैं, तब व्यंग जन्म लेता है। भारतीय राजनीति में प्रतीकों, उपमाओं और व्यंग्यों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है।

कभी चायवाला, गद्दार, गोदी मीडिया कभी पप्पू, कभी आंदोलनजीवी, परजीवी, तो कभी देशद्रोही, पाकिस्तानी, - राजनीतिक विमर्श में शब्द अब विचारधारात्मक हथियार बन चुके हैं। यह एक राजनीतिक शब्दावली व भाषा का पतन भी दिखलाता है।

इसी क्रम में इन दिनों सोशल मीडिया पर उभरा नाम – कॉकरोच जनता पार्टी – अचानक राष्ट्रीय बहस एवं अंतर्राष्ट्रीय चर्चा का हिस्सा बन गया है। पहली नजर में यह केवल एक व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया अभियान प्रतीत होता है, लेकिन यदि गहराई से देखें तो यह व्यवस्था से निराश युवा मन की बेचैनी, कटाक्ष और मौन प्रतिरोध का प्रतीक बनता दिखाई देता है।

**कुमार विश्वास का तंज** - "कॉकरोच जनता पार्टी" पर "विश्वास" ने अविश्वसनीय रूप से तंज कसते हुए व्यंग्यात्मक टिप्पणी की है। कुमार ने "सुकुमार" टिप्पणी न करते हुए "अविश्वास" की खाई को और बढ़ा दिया। देहरादून में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा बचपन में उनकी मां ने बताया था कि "यह बनी-बनाई सुंदर चीजों और व्यवस्थाओं को नष्ट करता है"। उन्होंने आगे कहा "अगर कॉकरोच बने है, तो "हिट" भी बने हैं। कई "हिट" का कार्य कर रहे है। बंगाल या दिल्ली की तरह उनका इलाज हो जायेगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि "हिट" कॉकरोच कीटनाशक का नाम है। वैसे विश्वास मीडिया में "हिट" होने के लिए इस तरह की टिप्पणी करते रहते हैं।




"**केजेपी की स्थापना**- उच्चतम न्यायालय की तल्ख टिप्पणी से निकली कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी, शाब्दिक अर्थ "कॉकरोच जन दल") एक भारतीय "व्यंग्यात्मक" स्टेटिकल, राजनैतिक आंदोलन है। इसकी स्थापना 16 मई 2026 को महाराष्ट्र के संभाजी नगर के मूल निवासी 30 वर्षीय अभिजीत दिपके, जो एक राजनीतिक संचार रणनीतिकार हैं, द्वारा सोशल मीडिया "इंस्टाग्राम" पर की गई थी। वे पहले आम आदमी पार्टी की सोशल मीडिया टीम के साथ काम कर चुके हैं। वर्तमान में वे अमेरिका के बोस्टेन में रह रहे हैं, जहां उन्होंने जनसंपर्क में मास्टर डिग्री पूरी की है। वर्तमान में केजेपी पार्टी के 3 करोड़ अनुयायी सोशल मीडिया पर हैं। सरकार की सुरक्षा एजेंसी ने इन्हें देश की सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। इसलिए केजेपी के इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी प्रतिबंध के साथ वेबसाइट को भी ब्लॉक कर दिया गया है। इन सब प्रतिबंधों को दिल्ली उच्च न्यायालय में संस्थापक अभिजीत दिपके ने चुनौती दी है।

**उच्चतम न्यायालय में सीजेपी के विरुद्ध याचिका**- याचिकाकर्ता एडवोकेट राजा चौधरी ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष "सीजेपी" पार्टी के विरुद्ध इस आधार पर याचिका दायर की, कि इससे न्यायिक कार्यवाही को वायरल स्पेक्टेकल (तमाशा) में बदल दिया, जो न्यायालय की संस्थागत छवि को नुकसान पहुंचाता है। साथ ही कानून की फर्जी डिग्री के विरुद्ध सीबीआई जांच की मांग की गई। मुख्य न्यायाधीश न्यायाधिपति सूर्यकांत ने याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार करते हुए वकील को कहा "इतना भावुक मत होइए", "इसे इतना संवेदनशील रूप से न लीजिए"।

**यह लोकतंत्र का नया चेहरा है?** - जहां राजनीतिक दलों से निराश युवा अब पारंपरिक आंदोलन की बजाए मीम, ट्रोल, व्यंग्य और डिजिटल प्रतीकों के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहा है।

यह स्थिति सत्ता व विपक्ष दोनों के लिए चिंतन का विषय है।

"**'कॉकरोच बनाम सत्तारूढ़ भाजपा**"- जो लोग सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ "कॉकरोच" को एक खतरा बता रहे हैं, वे वास्तव में गलत आकलन कर रहे हैं। जनता का "कॉकरोच" बना रहना सत्ताधारी पार्टी भाजपा के हित में ही है। याद कीजिए ! यूपीए सरकार में जब पेट्रोल 70 रुपए के पास और गैस सिलेंडर रुपए 400 के आस-पास होते थे, तो बैलगाड़ी से जाकर और सिलेंडर को रोड पर ले जाकर प्रदर्शन कर विरोध किया जाता था। तब वह जनता जिसे आज "कॉकरोच" कहा जा रहा है, "बिल" से बाहर आ गई थी और अंततः सरकार 2014 में पलट गई थी। आज वही जनता 110 रुपए लीटर पेट्रोल रुपए 1000 गैस सिलेंडर रुपए 3000 कमर्शियल सिलेंडर पर बिल के अंदर छुपी हुई है। रोड़ पर न कोई बैलगाड़ी दिख रही है, न कोई सिलेंडर दिख रहा है। जनता नाराज है, लेकिन मुखर नहीं। बल्कि जनता चुपचाप लाइन लगाकर पेट्रोल और सिलेंडर ले रही है। शायद वह अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को जानकर मजबूर है। कृपया जनता को कॉकरोच बने रहने दीजिए ! सरकार आराम से चलती रहेगी। आप क्यों इतने उतावले हो रहे हैं? "कॉकरोच बनने से रोकने के लिए"? मैं हमेशा कहता हूं हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। इस प्रकार कॉकरोच के भी दो पहलू है। लाभ और हानि। आधा गिलास भरा है या खाली यह आपकी सोच पर निर्भर करता है। जिस परिस्थिति में आप रहते हैं, जिस विचारों से आप गुंथे रहते हैं, उस सोच के अनुसार आप कॉकरोच को लाभप्रद या हानि सूचक निर्धारित कर सकते हैं।

**आंदोलनजीवी, परजीवी एवं कॉकरोच** - 2021 में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के किसान आंदोलनकारियों को आंदोलनजीवी व "परजीवी" कहा था। मई 2026 में मुख्य न्यायाधीश ने कुछ बेरोजगार युवाओं फर्जी डिग्री वालों को कॉकरोच व परजीवी की संज्ञा दी। आज बेरोजगारी से परेशान व्यवस्था से असंतुष्ट, युवा को "कॉकरोच" कहा जा रहा है। लेकिन आप यह भूल जाते है कि कॉकरोच "परजीवी" नहीं होता है, बल्कि "सफाई वर्ग" की भूमिका निभाता है।

**परिस्थितियों में बदलाव** - कभी जानवरों की तुलना इंसान से की जाने वाले समय की तुलना में आज इंसान की तुलना "कीटों" से की जा रही है। शायद इसलिए कि इंसान इसी श्रेणी की दिशा की ओर अग्रेषित हो रहा है? जानवरों से तुलना सदियों से आम रही है। सकारात्मक शेर (बहादुर), गिद्ध (चालाक), लोमड़ी (चतुर), बैल (मेहनती)। नकारात्मक साँप (धोखेबाज), कुत्ता, गधा, सूअर आदि।

साहित्य, राजनीति और इतिहास में इंसानों को जानवरों से जोड़कर उनकी प्रकृति समझाई जाती थी। "अरस्तू" ने इंसान को राजनीतिक प्राणी कहा था, जो सकारात्मक था।

### निष्कर्ष

ऐसा पहली बार प्रतीत होता है कि जनता स्वयं अपने लिए व्यंगात्मक पहचान स्वीकार करने लगी है, जो लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय भी है और चेतावनी भी। स्पष्ट है, युवा वर्ग निराशा और दिशाहीन दिशा की ओर जा रहा है, जिसे इस गर्त से निकालने की आवश्यकता वर्तमान नेतृत्व की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उम्मीद है, भविष्य में स्थितियां सुधरेंगी।

-----------------------------

# दिल्ली से चीन को मिली सीधी चुनौती

दिल्ली में आयोजित क्वॉड विदेश मंत्रियों की बैठक ने साफ कर दिया है कि हिंद महासागर से लेकर दक्षिण चीन सागर तक अब शक्ति संतुलन की नई लकीर खिंच चुकी है। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने जिस आक्रामक रणनीतिक एकजुटता का प्रदर्शन किया है, वह चीन की विस्तारवादी चालों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर उसके शिकंजे के खिलाफ खुला मोर्चा है। नई दिल्ली में हुई इस बैठक ने यह संदेश दे दिया कि हिंद प्रशांत क्षेत्र को अब दबाव, धमकी और आर्थिक ब्लैकमेल से नियंत्रित नहीं किया जा सकेगा।

**नीरज कुमार दुबे**

क्वॉड की सबसे विस्फोटक घोषणा रही महत्वपूर्ण खनिज पहल ढांचा। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने मिलकर लगभग बीस अरब डॉलर के निवेश समर्थन के साथ ऐसी आपूर्ति श्रृंखला खड़ी करने का फैसला किया है जो किसी एक देश, विशेषकर चीन, पर निर्भर न रहे। दुर्लभ खनिज आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन, विद्युत वाहन और आधुनिक हथियार प्रणाली की रीढ़ बन चुके हैं। चीन इन खनिजों की वैश्विक आपूर्ति पर वर्षों से दबदबा बनाए हुए है। ऐसे में क्वॉड का यह कदम सीधे तौर पर बीजिंग की आर्थिक और रणनीतिक ताकत को चुनौती देता है। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि खनन, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण तक पूरी श्रृंखला को सुरक्षित और विविध बनाया जाएगा। केवल निवेश ही नहीं, बल्कि निर्यात ऋण एजेंसियों, विकास वित्त संस्थानों, बीमा, अनुदान और निजी पूंजी को भी इस रणनीति में शामिल किया जाएगा। इसका अर्थ है कि क्वॉड अब केवल सुरक्षा मंच नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक शक्ति समूह के रूप में उभर रहा है। समुद्री सुरक्षा के मोर्चे पर भी क्वॉड ने बड़ा दांव चला है। पहली बार हिंद प्रशांत समुद्री निगरानी सहयोग पहल शुरू की गई है, जिसके तहत चारों देश वास्तविक समय की सूचनाएं साझा करेंगे और समुद्री गतिविधियों पर संयुक्त निगरानी रखेंगे। इसका प्रारंभिक केंद्र हिंद महासागर क्षेत्र होगा। यह सीधे तौर पर चीन की समुद्री घुसपैठ, संदिग्ध जहाज गतिविधियों और दबाव की राजनीति को रोकने की तैयारी है।

दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर को लेकर संयुक्त बयान का स्वर असाधारण रूप से कठोर रहा। क्वॉड देशों ने साफ कहा कि बल प्रयोग, डराने धमकाने की नीति, जल तोपों का इस्तेमाल, जहाजों को टक्कर मारना और सैन्यीकरण क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा है। यह बिना नाम लिए चीन को सीधी चेतावनी थी। खास बात यह रही कि चारों देशों ने अंतरराष्ट्रीय कानून और समुद्री स्वतंत्रता की रक्षा को अपनी साझा प्रतिबद्धता बताया। ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भी क्वॉड ने बड़ा रणनीतिक मोर्चा खोला है। तेल, गैस, उर्वरक और ऊर्जा बाजार में वैश्विक अस्थिरता के बीच चारों देशों ने हिंद प्रशांत ऊर्जा सुरक्षा पहल की घोषणा की। इसका मकसद ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखना, समुद्री व्यापार मार्गों की रक्षा करना और आपातकालीन परिस्थितियों में सहयोग बढ़ाना है। यह पहल केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामरिक महत्व भी रखती है



क्योंकि पश्चिम एशिया से हिंद महासागर तक ऊर्जा मार्गों पर बढ़ते तनाव का सीधा असर एशिया की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ता है। क्वॉड ने समुद्र के नीचे बिछी डिजिटल केबल प्रणाली की सुरक्षा को भी नई प्राथमिकता दी है। प्रशांत द्वीपीय देशों को सुरक्षित समुद्री केबल नेटवर्क से जोडने का लक्ष्य तय किया गया है। यह चीन की डिजिटल घेराबंदी और तकनीकी प्रभाव को संतुलित करने की कोशिश मानी जा रही है। साथ ही पांचवीं और छठी पीढी की संचार प्रणाली, खुली नेटवर्क व्यवस्था और डिजिटल पहचान मानकों पर सहयोग का फैसला यह दर्शाता है कि भविष्य की तकनीकी जंग में भी क्वॉड साझा मोर्चा बना रहा है।

आतंकवाद के खिलाफ बयान भी बेहद स्पष्ट रहा। पहलगाम हमले का उल्लेख करते हुए क्वॉड देशों ने सीमा पार आतंकवाद की निंदा की और कहा कि आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता ही एकमात्र रास्ता है। यह भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक सफलता मानी जा रही है क्योंकि इससे पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक समर्थन मजबूत होता दिखाई देता है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बैठक के बाद साफ कहा कि हिंद प्रशांत आने वाले समय में वैश्विक व्यापार, ऊर्जा और समुद्री वाणिज्य का केंद्र बनने जा रहा है, इसलिए क्वॉड की जिम्मेदारियां भी तेजी से बढ़ेंगी। उनका संदेश साफ था कि अब यह मंच केवल विचार विमर्श तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जमीन पर असर दिखाने वाली ताकत बनेगा। देखा जाये तो नई दिल्ली की इस बैठक ने यह स्थापित कर दिया है कि दुनिया अब दो स्पष्ट ध्रुवों की ओर बढ़ रही है। एक ओर वे ताकतें हैं जो नियम आधारित व्यवस्था, स्वतंत्र समुद्री व्यापार और संतुलित आर्थिक ढांचे की बात कर रही हैं, जबकि दूसरी ओर विस्तारवाद, दबाव और आर्थिक नियंत्रण की राजनीति है। क्वॉड ने अपने फैसलों से यह संकेत दिया है कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में अब चीन की मनमानी को खुली चुनौती दी जाएगी। बहरहाल, दिल्ली में संपन्न क्वॉड बैठक केवल एक कूटनीतिक आयोजन नहीं थी, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर की आक्रामक और दूरदर्शी विदेश नीति का शक्तिशाली प्रदर्शन भी थी। जिस तरह भारत ने अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया को एक साझा रणनीतिक मंच पर मजबूती से संगठित किया, उसने यह साबित कर दिया कि नई दिल्ली अब वैश्विक शक्ति संतुलन की निर्णायक धुरी बन चुकी है। चीन की आर्थिक दबंगई, समुद्री विस्तारवाद और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर उसके नियंत्रण को चुनौती देने के लिए दिल्ली में जो रणनीति तैयार हुई, वह आने वाले वर्षों में हिंद प्रशांत की दिशा तय करेगी। मोदी और जयशंकर की जोड़ी ने यह संदेश पूरी दुनिया को दे दिया है कि भारत वैश्विक समीकरण बदलने वाला नेतृत्वकर्ता है।

## सार-समाचार

### प्रेम टेक्स टाइल्स फैक्ट्री में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

● फैक्ट्री मजदूरों को न्यायाधीशों ने दी अधिकार और कानूनी की जानकारी




**अनोखा तीर, बड़वाह।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के निर्देशानुसार ग्राम बावड़ी खेड़ा स्थित संचालित प्रेम टेक्स टाइल्स धागा फैक्ट्री में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अविनाश शर्मा तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट वंदना मालवीय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान न्यायाधीश शर्मा ने बताया कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत पिता की पैतृक संपत्ति में बेटा और बेटी दोनों का समान रूप से अधिकार होता है। उसी प्रकार माता-पिता के भरण-पोषण का दायित्व भी दोनों बच्चों का होता है। न्यायाधीश वंदना मालवीय द्वारा मजदूर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं फैक्ट्री में कार्य के दौरान उनके साथ किसी भी प्रकार का गलत व्यवहार तो नहीं होता, इस संबंध में भी चर्चा की गई। साथ ही उन्हें मिलने वाला वेतन सही समय पर मिलने सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने किसी भी प्रकार की समस्या होने या कानूनी सलाह की आवश्यकता होने पर प्रति मंगलवार नगरपालिका में आयोजित बड़वाह न्यायालय के विधिक सहायता केंद्र पर जाने की सलाह दी। इस मौके पर न्यायाधीशों ने फैक्ट्री का निरीक्षण कर मजदूरों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। शिविर में पैरालीगल वालंटियर दीपमाला शर्मा, प्राची सोनी, नाजीर प्रदीप पराशर, फैक्ट्री संचालक करन जैन तथा मैनेजर अंशुल राज उपस्थित रहे।

### नहाल्दा और कोटवाड़ा में 121 लोगों की टीबी जांच

**अनोखा तीर, खंडवा।** सघन टीबी उन्मूलन अभियान के तहत शुक्रवार को खंडवा विकासखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर नहाल्दा एवं कोटवाड़ा में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। शिविर में हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से कुल 121 संभावित टीबी मरीजों की जांच की गई। जिला क्षय




अधिकारी डॉ. शक्ति सिंह राठौड़ ने बताया कि नहाल्दा में 59 तथा कोटवाड़ा में 62 लोगों की एक्स-रे जांच की गई। साथ ही सभी के स्पुटम सैंपल भी लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद पॉजिटिव मरीजों का तत्काल उपचार शुरू किया जाएगा। शिविर के दौरान स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार के संबंध में जागरूक किया। टीम ने बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, लगातार बुखार, अचानक वजन घटना और कमजोरी टीबी के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए। टीबी का उपचार सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है।

### जनपद पंचायत में विधायक कंचन तनवे ने की योजनाओं की समीक्षा

**अनोखा तीर, खंडवा।** जनपद पंचायत खंडवा में शुक्रवार को विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। विधायक श्रीमती तनवे ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि आमजन को उसका लाभ मिल सके।




उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि यदि किसी गांव में जल समस्या हो तो उसका तत्काल निराकरण किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, ऊर्जा एवं लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। विधायक श्रीमती तनवे ने अधिकारियों से कहा कि आमजन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, सड़क निर्माण, खाद्यान्न वितरण एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की स्थिति पर चर्चा हुई। अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनूप पटेल, अपर कलेक्टर, प्रभारी जनपद सीईओ निकिता मंडलोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### हाटकेश्वर महादेव मंदिर में शिवमहापुराण कथा का आयोजन

**अनोखा तीर, खंडवा।** शहर के प्राचीन हाटकेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर भगवान शिव की आराधना की। समाजसेवी एवं प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शिवपुराण कथा के माध्यम से लोगों में भगवान शिव के प्रति आस्था और भक्ति बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज गांवों और शहरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन प्रातःकाल शिवालयों में जल अर्पित करने पहुंच रहे हैं, जो धार्मिक जागरूकता का प्रतीक है। कथा में खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे भी शामिल



हुईं। उन्होंने व्यास पीठ का पूजन कर कथा वाचक पं. डॉ. राजेंद्र किशोर उपाध्याय जी का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। व्यास पीठ से पं. डॉ. राजेंद्र किशोर उपाध्याय जी ने शिवमहापुराण की कथा के माध्यम से धर्म, भक्ति, सेवा और मानवता का संदेश दिया। भगवान भोलेनाथ की महिमा का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। विधायक कंचन तनवे ने कहा कि धार्मिक कथाएं मनुष्य को पुण्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं, इसलिए लोगों को ऐसे आयोजनों में अवश्य सहभागी बनना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और प्रदेश में शांति एवं मंगल की कामना भी की गई।

# मोदी सरकार के 12 वर्षों में देश में हुआ चहुंमुखी विकासः छाया मोरे



**अनोखा तीर, खंडवा।** पंधाना विधायक छाया मोरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र से देश में चहुंमुखी विकास हुआ है। समाजसेवी एवं प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा जिला मुख्यालय पर आयोजित बैठक में संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक छाया मोरे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और विकास दृष्टि की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक देश में सड़कों का विस्तार, रेलवे विकास एवं हवाई पट्टियों के निर्माण जैसे अनेक बड़े कार्य हुए हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचा है। विधायक छाया मोरे ने कहा कि महिलाओं, किसानों, मजदूरों और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार ने कई योजनाएं लागू की हैं, जिससे आत्मनिर्भरता और विश्वास का वातावरण बना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को एक परिवार मानकर सभी को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु बनाने का प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प देशवासियों के सहयोग से अवश्य पूरा होगा।

# खंडवा रेलवे स्टेशन पर सावरकर जयंती पर माल्यार्पण एवं भारत माता की आरती




**अनोखा तीर, खंडवा।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 4 एवं 5 पर गुरुवार सायंकाल स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर जी की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण एवं भारत माता की भव्य आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वातंत्र्यवीर सावरकर के राष्ट्रप्रेम, त्याग और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर सावरकर जी तथा भारत माता के चित्र पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात सामूहिक रूप से भारत माता की आरती संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कर्मचारियों ने राष्ट्रहित, एकता और देशभक्ति के मूल्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया। पूरा आयोजन श्रद्धा, राष्ट्रभक्ति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# लियो क्लब खंडवा को विभिन्न श्रेष्ठ अवार्ड्स से सम्मानित किया गया

**अनोखा तीर, खंडवा।**

इंदौर स्थित होटल रेडिसन में आयोजित डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में लियो क्लब खंडवा को वर्ष 2025-26 में किए गए सेवा कार्यों के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। लियो डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लियो प्रथम मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में लियो क्लब खंडवा को बेस्ट इमेज बिल्डिंग क्लब ऑफ द डिस्ट्रिक्ट तथा आउटस्टैंडिंग क्लब ऑफ द डिस्ट्रिक्ट अवार्ड प्रदान किए गए।

क्लब के पदाधिकारियों को भी व्यक्तिगत श्रेणियों में सम्मान प्राप्त हुआ

क्लब अध्यक्ष लियो सुमित परिहार को बेस्ट प्रेसिडेंट ऑफ द डिस्ट्रिक्ट



क्लब सचिव लियो अभिशु शर्मा को बेस्ट सेक्रेटरी ऑफ द डिस्ट्रिक्ट

कोषाध्यक्ष लियो केतन वर्मा को बेस्ट कोषाध्यक्ष ऑफ द डिस्ट्रिक्ट

इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट लियो अर्पित बाहेती को स्टार परफॉर्मर ऑफ द डिस्ट्रिक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। नारायण बाहेती ने बताया कि लियो डिस्ट्रिक्ट स्तर के साथ-साथ लायंस की बहुप्रांतीय मल्टीपल काउंसिल मीट में भी लियो क्लब खंडवा को सर्वश्रेष्ठ क्लब मल्टीपल एवं सर्वश्रेष्ठ इमेज बिल्डिंग एक्टिविटी मल्टीपल अवार्ड प्राप्त हुए। वहीं क्लब अध्यक्ष सुमित परिहार को बेस्ट लियो प्रेसिडेंट मल्टीपल सम्मान से नवाजा गया। सम्मेलन में क्लब का प्रतिनिधित्व करते हुए सुमित परिहार, अभिशु शर्मा, केतन वर्मा, अर्पित बाहेती, पूजा अग्रवाल, पवन जायसवाल, शिवम राजपूत, अपूर्व उपाध्याय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इन उपलब्धियों पर लायन नारायण बाहेती, लायन गुरमीत उबैजा, लायन राजीव मालवीय, लायन घनश्याम वाधवा, लायन अणिमा उबैजा, लायन आशा उपाध्याय सहित लायंस एवं लियो क्लब के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए क्लब को शुभकामनाएं दीं।

### एसएन कॉलेज में तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनोखा तीर, खंडवा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री नीलकंठेश्वर महाविद्यालय में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तंबाकू एवं निकोटिन सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू की लत व्यक्ति को कैंसर, टीबी और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों की ओर ले जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने का आह्वान किया। विश्व स्वास्थ्य संगठन की वर्ष 2026 की थीम आकर्षण का पर्दाफाश निकोटिन और तंबाकू की लत का मुकाबला विषय पर महाविद्यालय में भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। भाषण प्रतियोगिता में रितिका धोटे, रिनेश, आशीष शाह एवं मिलेश बर्डे ने विचार व्यक्त किए, जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में रिनेश, नौरिन, रुपेश सिसोदिया एवं काजल ने प्रभावशाली पोस्टर प्रस्तुत किए। कार्यक्रम प्रभारी अमित कुमार अब्राहम ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय नशा मुक्ति हेल्पलाइन 14446 की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं स्टाफ सदस्यों को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई।

### पंजीकृत श्रमिक 13 जून तक अनिवार्य रूप से कराएं ई-केवाईसी

**अनोखा तीर, खंडवा।** असंगठित शहरी एवं ग्रामीण कर्मकार कल्याण मंडल की संबल 2.0 योजना तथा भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजीकृत सभी असंगठित श्रमिकों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। सहायक श्रम पदाधिकारी अनिल मलगाया ने बताया कि जिन श्रमिकों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराई है, उन्हें 13 जून तक यह प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य होगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्र के सभी श्रमिकों से संपर्क कर समय-सीमा में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराने वाले श्रमिकों के पंजीयन, संबल कार्ड एवं कर्मकार कार्ड नियमानुसार निरस्त कर दिए जाएंगे।

### 31 मई को मनाया जाएगा विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**अनोखा तीर, खंडवा।** जिले में 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर युवाओं एवं बच्चों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर, टीबी और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है। लोगों को जागरूक करने के लिए चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण, रंगोली एवं मैराथन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से भी तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नशामुक्ति संबंधी मार्गदर्शन एवं सहायता के लिए राष्ट्रीय नशामुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जून में गांव-गांव लगेंगे निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर

**अनोखा तीर, खंडवा।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न गांवों में जून माह के दौरान निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों का आयोजन चौइथराम फाउंडेशन ट्रस्ट एवं शंकरा आई सेंटर इंदौर के सहयोग से किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि शिविरों में चयनित मोतियाबिंद मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजा जाएगा। शंकरा आई सेंटर के सहयोग से 2 से 24 जून तक ओंकारेश्वर, पुनासा, हरसूद, खालवा, मूंदी, पंधाना सहित विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। वहीं चौइथराम फाउंडेशन ट्रस्ट के सहयोग से 5 से 29 जून तक जसवाड़ी, बड़गांव गुर्जर, छैगांवमाखन, जावर, पुनासा, खालवा, हरसूद और अन्य ग्रामों में जांच शिविर आयोजित कर मरीजों की आंखों की जांच एवं उपचार किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों से इन शिविरों का लाभ लेने की अपील की है।

# भाजपा में महापौर-विधायक विवाद पर संगठन सक्रिय



**अनोखा तीर, खंडवा।** भाजपा में महापौर और विधायक के बीच चल रहे विवाद को लेकर संगठन सक्रिय हो गया है। नगर निगम के कार्यों की समीक्षा और आपसी समन्वय को लेकर सामने आए मतभेदों के बीच शुक्रवार को भाजपा के निमाड़ संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर स्थिति पर चर्चा की। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि भाजपा एक परिवार की तरह कार्य करती है और परिवार में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं होने चाहिए। उन्होंने बताया कि विधायक और महापौर के बीच विवाद संबंधी शिकायतें संगठन तक पहुंची हैं और पूरे मामले की जानकारी प्रदेश नेतृत्व को भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि विधायक को अपने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करने और जानकारी लेने का अधिकार है। वहीं महापौर भी अपने कार्यों के प्रति जनता और संगठन के प्रति जवाबदेह हैं तथा संगठन उनके कार्यों का मूल्यांकन रिपोर्ट कार्ड के आधार पर करता है। बैठक के दौरान महापौर की जेठानी चारूलता यादव को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। इस पर सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि चारूलता यादव पार्टी की सक्रिय पदाधिकारी हैं और सांसद को अपने प्रतिनिधि नियुक्त करने का विशेषाधिकार प्राप्त है। इसी दौरान भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक से विधायक कंचन तनवे के कुछ समय बाद निकलने को लेकर भी चर्चा रही। बाद में जानकारी सामने आई कि वे पूर्व निर्धारित जनपद पंचायत खंडवा की समीक्षा बैठक में शामिल होने गई थीं। बताया गया कि जनपद की बैठक पहले से तय थी, जबकि पार्टी कार्यक्रम बाद में निर्धारित किया गया था। खंडवा भाजपा में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों के बीच संगठन की यह पहल दोनों पक्षों के बीच समन्वय स्थापित करने के प्रयास के रूप में देखी जा रही है।

# जेएसी ज़ोन चेयरपर्सन रितिका गुप्ता का खंडवा दौरा संपन्न



**अनोखा तीर, खंडवा।** जेएसी ज़ोन-6 की चेयरपर्सन जेसी सेन रितिका गुप्ता के आधिकारिक आगमन पर जेएसी एवं जेसीआई खंडवा द्वारा भव्य स्वागत एवं विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जेएसी रीजन चेयरमैन जेसी हेमंत मूंदड़ा, जेएसी एडवाइजर एवं मेंटर रणवीर चावला, ज़ोन वाइस चेयरमैन अभिषेक सैनी, जेसीआई खंडवा अध्यक्ष मनन सोनी, दीपक सोलंकी एवं मनोज शाह सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में ज़ोन चेयरपर्सन रितिका गुप्ता ने कहा कि खंडवा टीम द्वारा दिया गया स्नेह, सम्मान और आतिथ्य उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि इतने शानदार स्वागत और व्यवस्थित आयोजन को देखकर वे अभिभूत हैं। उन्होंने बताया कि जेसीआई पिछले 50 वर्षों से निरंतर व्यक्तित्व विकास और सामाजिक नेतृत्व के क्षेत्र में कार्य कर रहा है तथा जेएसी उसी संगठन से जुड़े वरिष्ठ सदस्यों का समूह है। उन्होंने संगठन की एकजुटता, समर्पण और ऊर्जा की सराहना करते हुए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के अंतर्गत कॉफी विद सेलिब्रिटी सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें जेसीआई के पूर्व सदस्य आलोक सेठी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जेसीआई व्यक्तित्व विकास का ऐसा मंच है, जो लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि संगठन लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, मंच संचालन, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता विकसित करना सिखाता है, जो सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम का संचालन जेएसी गोविंद शर्मा ने किया। उन्होंने रोचक प्रश्नों के माध्यम से आलोक सेठी से संवाद किया। इस अवसर पर नागेश वालंजकर, सुनील आरतानी, अनिल चौधरी, अर्चना जोशी, प्रिंस जिंदल, सीताराम पटेल, कल्पना मुंदड़ा, डॉ. रूपलता पटेल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सचिव दीपक सोलंकी ने आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने बताया कि कॉफी विद सेलिब्रिटी कार्यक्रम प्रत्येक माह आयोजित किया जाएगा, ताकि युवाओं को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिल सके।

# डीजल लोको शेड इटारसी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनोखा तीर, भोपाल।**

विश्व पर्यावरण पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को डीजल लोको शेड इटारसी में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः 11 बजे शुद्ध पर्यावरण की जागरूकता के उद्देश्य से पैदल मार्च निकाला गया। यह मार्च अधिकारियों, वरिष्ठ पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों की सहभागिता से डीजल लोको शेड इटारसी से प्रारंभ होकर रेलवे कॉलोनी, ऑफिसर रेस्ट हाउस एवं सीनियर इंस्टीट्यूट होते हुए पुनः डीजल लोको शेड परिसर में संपन्न हुआ।




मार्च के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

इसके अतिरिक्त डीजल लोको शेड इटारसी में उत्पन्न होने वाले ई-वेस्ट के पृथक्करण एवं उसके सुरक्षित निस्तारण के महत्व को लेकर कर्मचारियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर ई-वेस्ट प्रबंधन से संबंधित डेमो प्रस्तुत कर इलेक्ट्रॉनिक कचरे के वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल निस्तारण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु सामूहिक सहभागिता एवं सतत प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।

# स्वास्थ्य शिविर में 80 मरीजों का किया निःशुल्क इलाज



**अनोखा तीर, टेमागांव।** ग्राम पंचायत भवन टेमागांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें हरदा के डॉ. राजेश गुर्जर ने करीब 80 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया। शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की गईं। इस दौरान ग्राम सरपंच रत्ना पटेल, राजेश मालवीय, गणेश पटेल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं डॉ. गुर्जर की टीम उपस्थित रही। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए इसे उपयोगी पहल बताया।

## सार-समाचार

### शिवशक्ति यज्ञ में निकली आस्था की चुनरी यात्रा, मां नर्मदा को अर्पित की श्रद्धा

**अनोखा तीर, बुदनी।** बुदनी घाट स्थित नर्मदा तट के शिवशक्ति धाम आश्रम में आयोजित श्री शिवशक्ति यज्ञ के छठवें दिन श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा में बुदनी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और मां नर्मदा को चुनरी अर्पित कर पूजा-अर्चना की। भक्ति गीतों, जयकारों और धार्मिक धुनों के बीच निकली चुनरी यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। श्रद्धालु हाथों में चुनरी लेकर मां नर्मदा के जयघोष करते हुए आगे बढ़े। आश्रम



परिसर में चल रहे धार्मिक आयोजन में कथा वाचक साध्वी प्रेमलता मिश्रा श्रद्धालुओं को धार्मिक कथा का श्रवण करा रही हैं। वहीं यज्ञाचार्य पं. हरिनारायण शास्त्री के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ अनुष्ठान संपन्न हो रहा है। आयोजन समिति के प्रमोद वर्मा ने बताया कि यज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और पूरे आयोजन को लेकर लोगों में विशेष उत्साह बना हुआ है। उन्होंने बताया कि यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने और प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### भागवत कथा में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** स्थानीय बलराम पटेल कॉलोनी में महागौरी महिला मंडल द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा पांडाल में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथावाचक ने श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब-जब धरती पर आसुरी शक्तियां हावी हुईं, परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लिया। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण



पुकार सुनकर नारायण ने देवकी के अष्टम पुत्र श्रीकृष्ण के रूप में जन्म लिया और धर्म व प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया। कथा व्यास ने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य दुर्लभ है। इसका सदुपयोग कर कथा के अनुसार कार्य करना चाहिए। तभी कथा सुनना सार्थक होगा जब उसके बताए मार्ग पर चलकर परमार्थ के काम करें। उन्होंने रामकथा का संक्षेप में वर्णन करते हुए बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने धरती को राक्षसों से मुक्त करने के लिए अवतार धारण किया था। श्रीकृष्ण जन्म का वर्णन होते ही समूचा पांडाल खुशी से झूम उठा। मौजूद श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण के जयकारों के साथ नाच-गाकर जन्म की खुशियां मनाईं। पांडाल में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### महावारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनोखा तीर, बुधनी।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन भोपाल के अंतर्गत माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर बुधनी क्षेत्र में व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सिविल अस्पताल बुधनी, आईटीआई कॉलेज बुधनी एवं शासकीय महाविद्यालय बुधनी में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इन कार्यक्रमों में स्टाफ




एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों को माहवारी स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आरकेएसके काउंसलर (शिक्षा नागर) द्वारा छात्राओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, आयरन युक्त भोजन के महत्व तथा आवश्यक स्वास्थ्य सावधानियों और हेल्प लाइन नंबर 14425 और जस्ट आस्क चैट बोट एवं मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर 14416 के बारे में बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा माहवारी से जुड़े भ्रम और संकोच को दूर करना रहा। इस अवसर पर सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वयं जागरूक रहने के साथ-साथ समाज में भी जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना है।

# ग्रामीण महिलाओं को मिला मुफ्त स्वास्थ्य लाभ

## ● अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**अनोखा तीर, बुधनी।**

अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस एवं इंटरनेशनल डे ऑफ एक्शन फॉर विमेंस हेल्थ के अवसर पर ट्राइडेंट ग्रुप की सीएसआर विंग ने ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया है। ग्रुप के चेयरमैन राजिंदर गुप्ता एवं मधु के मार्गदर्शन में मधुबन हॉस्पिटल द्वारा एक विशेष महिला स्वास्थ्य एवं जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस पूरे अभियान के माध्यम से क्षेत्र की कुल 136 महिलाओं को सीधे तौर पर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना और उन्हें बीमारियों के प्रति सचेत करना था। कार्यक्रम के तहत अस्पताल पहुंचीं सभी महिला लाभार्थियों को निःशुल्क ओपीडी परामर्श दिया गया। इसके



अलावा, महिलाओं की सेहत से जुड़ी प्रमुख जांचें जैसे- हीमोग्लोबिन, शुगर और थायरॉइड की मुफ्त जांच की गई। साथ ही, अन्य जटिल एवं उन्नत जांचों पर महिलाओं को 30 प्रतिशत तक की विशेष छूट भी प्रदान की गई।

### गांव-गांव पहुंचा जागरूकता का संदेश

महिलाओं को जागरूक करने के लिए अस्पताल प्रबंधन द्वारा महुकला, ग्वाडिया एवं पतालखो जैसे ग्रामीण इलाकों में व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियां चलाई गईं। ऑटो रिक्शा के माध्यम से मुनादी (घोषणा), पंपलेट वितरण और सीधे संवाद कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इसी कड़ी में ग्वाडिया गांव में एक विशेष मासिक धर्म स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। यहां ग्रामीण महिलाओं और युवतियों को झिझक तोड़कर मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के तरीके सिखाए गए। शिविर में शामिल सभी 75 महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड्स का वितरण भी किया गया।

## भीषण गर्मी में पेयजल संकट, पार्षद प्रतिनिधि ने उठाया मुद्दा

### नपाध्यक्ष ने इंजीनियर को दिए तत्काल निरीक्षण के निर्देश

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** भीषण गर्मी के बीच हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पेयजल संकट गहराने पर कांग्रेस पार्षद प्रतिनिधि दीपक दीक्षित ने मोर्चा संभाला। उन्होंने नगर पालिका सीएमओ अमर सिंह उईके और अध्यक्ष रितेश जैन से मुलाकात कर क्षेत्रवासियों की परेशानी से अवगत कराया। दीक्षित ने बताया कि पानी की गंभीर समस्या से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लोगों को दैनिक कार्यों के लिए भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सीएमओ और अध्यक्ष से मांग की कि समस्या का



जल्द से जल्द निराकरण कर नागरिकों को राहत दी जाए। मुख्य नपा अधिकारी अमर सिंह उईके ने पानी की समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। वहीं नपाध्यक्ष रितेश जैन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल इंजीनियर चंद्रकांत कवर को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या है, वहां तुरंत निरीक्षण कर समाधान किया जाए। रितेश जैन ने स्पष्ट किया कि भीषण गर्मी में पेयजल व्यवस्था बनाए रखना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में सिवनी मालवा के किसी भी वार्ड में पेयजल की समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। नपाध्यक्ष और सीएमओ ने संयुक्त रूप से कहा कि किसी भी वार्ड में पानी की आपूर्ति बाधित नहीं होने देंगे और मौजूदा समस्याओं को जल्द दूर किया जाएगा।

### विवेकानंद घाट का होगा कायाकल्प

## हरिद्वार का ट्रस्ट करेगा सौंदर्यीकरण और विकास कार्य

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** शहर के विवेकानंद घाट का जल्द ही कायाकल्प किया जाएगा। हरिद्वार के प्रेम प्रकाश मंडल ट्रस्ट द्वारा घाट को गोद लेकर यहां विभिन्न विकास और सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाएंगे। गुरुवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विवेकानंद घाट का निरीक्षण कर ट्रस्ट सदस्यों के साथ प्रस्तावित कार्यों और कार्ययोजना पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि घाट पर महिला श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम बनाए



जाएंगे। इसके अलावा रैंप और व्हीलचेयर जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके। घाट परिसर में दीप स्तंभ, आकर्षक फर्श और सजावटी कार्य भी किए जाएंगे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने घाट को दो हिस्सों में विकसित करने के निर्देश दिए। एक हिस्सा स्नान के लिए और दूसरा पूजा-पाठ एवं धार्मिक गतिविधियों के लिए तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अलग-अलग व्यवस्था होने से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और भीड़ प्रबंधन बेहतर तरीके से हो सकेगा। साथ ही घाट की साफ-सफाई और आपात स्थिति में राहत कार्यों में भी आसानी रहेगी। ट्रस्ट सदस्यों ने जानकारी दी कि बारिश के बाद घाट के उन्नयन कार्य की शुरुआत की जाएगी। समिति द्वारा इससे पहले हरिद्वार के सनातन साक्षी घाट, अमरापुर घाट, प्रेम प्रकाश घाट और स्वामी सर्वदानंद घाट सहित उज्जैन के क्षिप्रा घाट का भी कायाकल्प किया जा चुका है।

### शराब दुकान हटाने का मामला...

## धरना चक्काजाम से नहीं बनी बात तो, आमरण अनशन पर बैठे 9 ग्रामवासी




**अनोखा तीर, माखननगर।**

धरना, चक्काजाम, पुतलदहन से समस्या हल नहीं होने पर जैसा कि ग्रामवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी को सूचना देकर घोषणा की थी कि यदि 24 घंटे में समस्या का हल नहीं हुआ तो ग्रामवासी आमरण अनशन पर बैठेंगे। आपनी बात को पूरा करते हुए ग्राम के 9 सदस्य गुरुवार दोपहर दो बजे से आमरण अनशन पर बैठ गए। सरपंच संघ अध्यक्ष एवं ग्राम सरपंच कृष्ण कुमार झा ने बताया कि हम नियमों के अंतर्गत शांति पूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

हमारा प्रयास रहेगा कि कोई भी उपद्रव न हो। जिससे शराब माफिया के पक्ष में खड़े प्रशासन को कोई अवसर मिले। हमारा हर कदम शांति पूर्ण एवं गांधीवादी विचारधारा से रहेगा। अध्यक्ष ने कहा कि हम सरकार की 2017 की शराब नीति के अंतर्गत कार्यवाही चाह रहे हैं। जिसमें नर्मदा जी से पांच किलोमीटर की दूरी, स्कूल एवं मंदिर से तय दूरी हो। वर्तमान शराब दुकान सभी नियमो का उल्लंघन करती है फिर भी शराब माफिया के दवाब में नहीं हटाई जा रही है। हमने उनको दूसरे स्थान भी बताए किंतु दुकान संचालक मानने को तैयार नहीं है।

### अधिकारियों द्वारा कराई बैठक रही बेअसर

प्राप्त सूत्रों के अनुसार बुधवार शाम माखन नगर में अधिकारियों द्वारा ग्राम के पांच सदस्य एवं दुकान संचालक की समझौते के लिए गुप्त बैठक कराई गई। मगर ग्राम वासियों द्वारा रखी शर्तों को लेकर आपसी आम राय नहीं बन सकी और बैठक बे असर रही। सूत्रों की माने तो दुकान संचालक आगामी 30 मई का इंतजार कर रहा है, क्योंकि यदि नीलामी उपरांत दो माह जिस स्थान पर दुकान संचालित हो जाती है तो इस वर्ष उस स्थान से समय पूर्ण होने तक नहीं हटा पाएंगे।

## भगवान को सिर्फ प्रेम के बंधन में बांधा जा सकता है : शांति श्रेया

### केवट प्रसंग ने श्रोताओं को किया भावविभोर



**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** नव दिवसीय श्री राधा कृष्ण महाशक्ति महायज्ञ के सातवें दिन शुक्रवार को अयोध्या से पधारी सुप्रसिद्ध कथावाचक शांति श्रेया जी ने रामचरितमानस के केवट प्रसंग की मर्मस्पर्शी व्याख्या करते हुए श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। श्रेया जी ने बताया कि जब भगवान श्रीराम को गंगा पार करनी थी, तब उन्होंने केवट से विनती की कि नाव लेकर आओ, हमें पार जाना है। इस पर केवट ने अत्यंत श्रद्धापूर्ण उत्तर देते हुए कहा कि प्रभु, आपके चरण-स्पर्श मात्र से पत्थर की अहिल्या जीवित हो गईं, तो मेरी तो लकड़ी की नाव है - वह भी कुछ भी बन सकती है। इसलिए पहले मुझे आपके चरण पखारने दीजिए। भगवान राम केवट के इस भावपूर्ण आग्रह को सुनकर मंद-मंद मुस्कुराते हुए केवट को निहारते रहे। कथावाचक ने इस प्रसंग से संदेश देते हुए कहा कि भगवान को केवल प्रेम के बंधन में बांधा जा सकता है। जो भक्त केवट के समान निश्छल प्रेम करता है, भगवान उसी के वश में हो जाते हैं। नारी शक्ति पर प्रकाश डालते हुए श्रेया जी ने कहा कि नारी शक्ति है, नारी श्रद्धा है, इसीलिए नारी ही परमात्मा की मां बनने का सौभाग्य प्राप्त करती है। उन्होंने किसान के दृष्टांत से धर्म-कार्य में अर्थ लगाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जैसे किसान बुवाई के समय खेत में एक दाना डालता है और उससे अनेक दाने उत्पन्न होते हैं, उसी प्रकार धर्म के कार्य में लगाया गया धन और जीवन कई गुना होकर लौटता है। श्रेया जी ने यह भी बताया कि भगवान श्रीराम के चरित्र पर आधारित रामचरितमानस की चौपाइयों के नियमित अध्ययन और पाठ से दरिद्रता दूर होती है तथा जीवन के कष्टों का निवारण होता है।

## कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान को दी गति

### - वार्ड और मंडलम स्तर पर कमेटियां बनाने के निर्देश

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी लगातार जमीनी स्तर पर सक्रिय नजर आ रही है। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस द्वारा विधानसभा होशंगाबाद के लिए नियुक्त प्रभारी नवनीत मालवीय ने नगर के विभिन्न वार्डों और मंडलमों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली



और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। नगर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में विधानसभा प्रभारी नवनीत मालवीय ने नगर अध्यक्ष और मंडलम अध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे शीघ्र ही वार्ड स्तर पर 25 सदस्यीय वार्ड कमेटियों तथा मंडलम स्तर पर 11 सदस्यीय कमेटियों का गठन सुनिश्चित करें, ताकि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा सके। बैठक को पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सत्येंद्र फौजदार एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अजय सैनी ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाना होगा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री केलु उपाध्याय, संगठन महामंत्री मधुसूदन यादव, अनोखी राजोरिया, धर्मेंद्र तिवारी, नगर प्रभारी प्रदीप दुबे, सह प्रभारी सुशील गौर, मीना वर्मा, अजीत विष्ट, गुलाम हैदर, हेमंत चौधरी, बबलू राठौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति बानापुरा
जिला-नर्मदापुरम् म.प्र.

क्र./मंडी/निर्माण/26-27/204 बानापुरा, दिनांक 27.05.2026

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोकनिर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2026_MPSAM_511559_1 के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदाये दिनांक 22-06-2026 को शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल https://mpmandiboard.in पर भी अवलोकनीय होगी।

**नोट:** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति, बानापुरा
जिला नर्मदापुरम्



## कार्यालय नगरपालिका परिषद, सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम् (म.प्र.)

क्रमांक 832/न.पा./2026 सिवनी मालवा दिनांक 29/05/2026

**ई-निविदा आमंत्रण**

नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा निम्नलिखित कार्यों की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी आनलाईन वेबसाईट http://www.mptender.gov.in पर देखी जा सकती है एवं कार्यालय की लोक निर्माण शाखा/राजस्व शाखा से अवकाश के दिनों को छोड़कर प्राप्त की जा सकती है।

| टेंडर नं. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा फार्म मूल्य एवं अमानत राशि | निविदा अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2026_UAD_510997_1 | इंटेक वेल भिलाड़िया घाट सफाई कार्य (तृतीय निविदा आमंत्रण) | 1. 01 माह 2. 400000 | 1. 2000 2 4000 | 02.06.2026 |
| 2026_UAD_511084_1 | विभागीय सामग्री प्रदाय की वार्षिक दर वर्ष 2026-27 | 1. 12 माह 2. 2500000 | 1. 5000 2. 18750 | 24.06.2026 |
| 2026_UAD_510779_1 | मशीनरी प्रदाय की वार्षिक दर वर्ष 2026-27 (द्वितीय निविदा आमंत्रण) | 1. 12 माह 2. 2000000 | 1. 2000 2. 15000 | 24.06.2026 |
| 2026_UAD_510744_1 | वार्ड क्र. 10 मुक्तिधाम से खरार रोड ब्रिज तक सीसी रोड एवं वार्ड क्र. 14 में कोलीपुरा से बायपास मार्ग तक बीटी रोड | 1. 06 माह 2. 4426799 | 1. 5000 2. 33201 | 24.06.2026 |
| 2026_UAD_510758_1 | सांसद/विधायक निधि अंतर्गत कार्यो की वार्षिक दर वर्ष 2026-27 | 1. 12 माह 2. 2000000 | 1. 2000 2. 15000 | 24.06.2026 |
| 2026_UAD_510840_1 | विभागीय सामग्री स्वच्छता शाखा वार्षिक दर वर्ष 2026-27 | 1. 12 माह 2. 4000000 | 1. 5000 2. 30000 | 24.06.2026 |
| 2026_UAD_511155_1 | विज्ञापन होर्डिंग की नीलामी की वार्षिक दर वर्ष 2026-27 | 1. 12 माह 2 251000 | 1. 2000 2. 50000 | 15.06.2026 |
| 2026_UAD_511056_1 | रोगी कल्याण समिति की दुकान क्र. 08 की नालीनी | 1. 03 माह 2. 305000 | 1. 2000 2. 5000 | 20.06.2026 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
न.पा. सिवनी मालवा


## ईदगाह पर अदा हुई ईद उल अजहा की नमाज, मुस्लिम समाज में दिखा उत्साह



**अनोखा तीर, सेमरीहरचंद।** नगर में गुरुवार को प्रातःकाल से ही ईद उल अजहा को लेकर मुस्लिम समाज में विशेष उत्साह एवं हर्षोल्लास का वातावरण देखा गया। सुबह 7.30 बजे जमुनिया स्थित ईदगाह पर बड़ी संख्या में नमाजी एकत्रित हुए और ईद उल अजहा की नमाज अदा की। ईदगाह पर नमाज अदा करने के उपरांत प्रातः 8.30 बजे नगर की मस्जिद में भी नमाज अदा की गई। नमाज की समाप्ति के पश्चात उपस्थित समस्त लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मौलवी साहब ने उपस्थित समाजजनों को संबोधित करते हुए ईद उल अजहा के महत्व एवं इसकी धार्मिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला तथा भाईचारे व एकता का संदेश दिया।

## सार-समाचार

# श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धा-भक्ति का उमड़ा सैलाब

### श्रीकृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालू

**अनोखा तीर, देवास।** महाराष्ट्र समाज धर्मशाला में श्री औदुम्बर वरिष्ठ नागरिक मंच के तत्वाधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भागवताचार्य पं. डॉ. दीपेश पाठक महाराज ने भगवान वामन अवतार, और समुद्र मंथन की कथा सुनाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद, उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया, जिसे बड़े हर्षोल्लास के



साथ मनाया गया। पं. पाठक ने बताया कि भगवान वामन का अवतार हमें सिखाता है कि किस तरह भगवान अपने भक्त राजा बलि की जीत की घोषणा करते हैं। उन्होंने कहा कि बलि ने अपना सब कुछ भगवान को अर्पित कर दिया, जिसके कारण भगवान चार महीने के लिए उनके पास सुतल लोक में निवास करते हैं। उन्होंने समुद्र मंथन की कथा का आध्यात्मिक अर्थ समझाते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में लगातार भगवान के नाम का मंथन करना चाहिए। इस मंथन से पहले बुराइयां और नकारात्मकता रूपी विष बाहर निकलता है, और फिर हमें सकारात्मकता, आनंद और सुख रूपी अमृत की प्राप्ति होती है।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम

कथा के अंतिम चरण में, पं. पाठक ने मथुरा में कंस के कारागार में श्रीकृष्ण के प्रकट होने की लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान चतुर्भुज रूप में प्रकट हुए और अपने माता-पिता, देवकी और वासुदेव, को पूर्व जन्म की लीलाओं का स्मरण कराया। इसके बाद, उन्होंने बाल रूप धारण किया, और वासुदेव उन्हें गोकुल ले गए। उक्त आयोजन का सफल संचालन वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय द्वारा किया गया एवं आभार संयोजक जयंत शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

# सिवनी मालवा नगर पालिका को मिलेगा राज्य स्तरीय पर्यावरण पुरस्कार

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे सम्मानित

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** मध्यप्रदेश शासन के वर्ष 2024-25 के मध्यप्रदेश वार्षिक पर्यावरण पुरस्कार के लिए स्थानीय नगर पालिका परिषद का चयन किया गया है। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2026 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में नगर पालिका को सम्मानित करेंगे। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल ने नगर पालिका को आधिकारिक आमंत्रण पत्र जारी किया है। राज्य स्तरीय समारोह 5 जून को सुबह 10 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार, भोपाल में होगा। पुरस्कार राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की जाएगी, जिसके लिए बैंक विवरण मांगा गया है। नगर पालिका द्वारा स्वच्छता, वृक्षारोपण, ठोस कचरा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता अभियान में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए यह सम्मान दिया जा रहा है। नागरिकों की भागीदारी से हरित वातावरण बनाने के प्रयासों ने सिवनी मालवा को प्रदेश स्तर पर पहचान दिलाई। नगर पालिका अध्यक्ष रितेश रिंकू जैन और मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह उइके ने कहा कि यह पुरस्कार सिर्फ नगर पालिका का नहीं, सिवनी मालवा के हर नागरिक, जनप्रतिनिधि और कर्मचारी की मेहनत का नतीजा है। टीम वर्क से नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया गया। आगे भी पर्यावरण संरक्षण का काम जारी रहेगा। राज्य स्तरीय पुरस्कार की खबर से जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों में खुशी की लहर है।

# उपजैल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

## विचाराधीन बंदी भी रहें अपने अधिकारों के प्रति सचेत : न्यायाधीश

**अनोखा तीर, कन्नौद।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के विधिक साक्षरता अभियान के तहत विधिक सेवा समिति, कन्नौद जिला देवास के तत्वाधान में उपजैल कन्नौद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला जज द्वितीय अमित निगम द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में कानून जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में उपजेल में विनचाराधीन बंदी एवं दोषसिद्ध बंदियों को न्यायाधीश द्वारा विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई। श्री निगम ने कहा कि व्यक्ति का ज्ञान उसे सामाजिक तौर पर शक्तिशाली बनाता है, किंतु कानून के संबंध में उसकी जागरूकता उसे और अधिक शक्तिशाली




एवं अपने अधिकारों को प्रवृत्त करने में समर्थ बना देती है। गिरफ्तारी के संबंध में व्यक्तियों के सवैधानिक अधिकारों तथा नि :शुल्क विधिक सहायता के संबंध में उनके अधिकारों का सविस्तार वर्णन किया। उन्होंने कैदियों को उक्त विषय पर विभिन्न उदारहणों एवं अपने अनुभवों से अवगत कराते हुए रूचिकर अंदाज में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने व्यक्त किया कि दैनिक रूप से रोजमर्रा के कार्य में कानूनी ज्ञान की प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत्यंत उपयोग हो सकता है। जेल में रहने के दौरान कैदियों को आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए जेल और उपजेल कर्मचारी और अधिकारियों को निर्देश दिए। अधिवक्ता मनोज भंवर एवं अमन सेठी, अभिजीत भंवर ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कानून के संबंध में सामान्य जानकारी कैदियों को दी और अभिभाषक संघ के सदस्य अभिभाषक शैलेन्द्र पांचाल ने उक्त कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपजेल के कर्मचारीगण रिंकी दांगी एवं आयूषी भार्गव द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए जिला न्यायाधीश श्री निगम एवं अन्य सभी अतिथिगण के प्रति कर्तज्ञता ज्ञापित की।

### सावरकर की 143वीं जयंती पर व्याख्यान आयोजित

# हमारे सभी तीर्थ यहीं, इसलिए भारत सर्वाधिकार सनातनियों का : खट्टर

**अनोखा तीर, देवास।**



वीर सावरकर जयंती के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सनातन एकता को समर्पित विचारधारा आधारित विशाल कार्यक्रम का आयोजन जनचेतना सामाजिक संस्था के तत्वाधान में किया गया। सनातन एकता एवं धर्म स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर राव सावरकर विषय पर मुख्य वक्ता गौतम खट्टर के संबोधन को सुनने हजारों की संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

वक्ता के रूप में वरिष्ठ समाज सेवी एवं भाजपा नेता प्रदीप त्रिपाठी ने वीर सावरकर के जीवन एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके संर्घष काल की भीषण यात्रा को प्रकाशित पुस्तकों के आधार पर सामने रखा। सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर संपूर्ण देश में विचरण करके सनातन संस्कृति एवं चुनौतियों को लेकर बेलाग विचार रखने के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव, नगर निगम अध्यक्ष रवि जैन, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पुर्व विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, नगर निगम नेता सत्तापक्ष मनीष सेन तथा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री संजय दायमा ने गौतम खट्टर और प्रदीप त्रिपाठी का स्वागत किया। संस्था अध्यक्ष सुदेश सांगते ने उपस्थित श्रोताओं एवं अतिथिगण से मुख्य वक्ता का परिचय कराया। स्वागत भाषण जन चेतना समाजिक संस्था संयोजक अजय तोमर ने दिया तथा संस्था की कार्यविधि से अवगत कराया। अपनी चिर परिचित प्रखर शैली में श्री खट्टर ने हिन्दुओं में आत्म चिंतन की आवश्यकता पर बल दिया। गौ रक्षा के क्षेत्र में समाज को ही उन लोगों को सबक सिखाना होगा जो हिन्दू होते हुए भी गौवध का कारण बनते हैं। इसी तरह नवदुर्गा या अन्य त्यौहारों पर हम नाचते गाते हैं परंतु त्यौहार की मूल संस्कृति से परिचित नहीं होते। युवा पीढ़ी कही न कही अपनी ज्ञान परंपरा के प्रति बेरूखी है। देवी अहिल्या बाई ने उत्तर से दक्षिण तक मंदिरों का निमार्ण व जीर्णोद्वार कराया उनका नाम मालवा तो जानता परंतु मेरे प्रदेश में बहुत कम लोग जानते हैं। भारत पर पूर्ण अधिकार स्थानीयों का ही है क्योंकि प्रत्येक सनातनी के सभी तीर्थ क्षेत्र भारत भूमि पर ही हैं, उन्हें देश से बाहर नहीं जाना होता। मंदिरों पर ही सरकार का नियंत्रण क्यों है अन्य धर्म स्थलों पर नहीं यह प्रश्न उठता रहेगा और सरकार से जवाब भी मांगा जाता रहेगा। नारीशक्ति अपनी सनातमी धर्म शक्ति से परिचित हो, वो शक्तिस्वरूपा है इसलिए उत्सव में डांडिया नृत्य करें, परंतु डंडा चलाना भी याद रखे। सनातन एकता भेदभाव की भावना मिटाकर ही सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर सभी ने हुनमान चालीसा का पाठ भी किया। कार्यक्रम का संचालन श्रेया चौबे ने किया और आभार सुदेश सांगते ने माना। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रितु सबनेर पार्षद, उषा खत्री पार्षद, निधि वर्मा पार्षद, खुशबू वर्मा पार्षद, कविता सिसोदिया, अक्षरा तोमर, गोपाल खत्री, योगेश शर्मा, भूपेश ठाकुर पार्षद, संजय ठाकुर, निलेश वर्मा, रामदयाल यादव पार्षद, धर्मेश जोशी नारायण शर्मा संजय शर्मा गंपू, राहुल गोस्वामी, सुरेंद्र गायकवाड, नीरज पटेल, सचिन राठौर, माखन सूर्यवंशी का सहयोग रहा।

### हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ दर्शन यात्रा के लिए 06 जून तक करें आवेदन


**अनोखा तीर, देवास।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा 20 जून 2026 को रवाना होगी जो 23 जून 2026 को वापस आएगी। जिले को यात्रा के लिए 196 सीटों का कोटा आवंटित किया गया है। यात्रा के लिए ट्रेन देवास रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होगी एवं वापसी में आगमन भी देवास में ही हागा। यात्रा पर जाने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 06 जून 2026 निर्धारित की गई है। इस संबंध में समय-समय पर संशोधित नियमों की जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस यात्रा से संबंधित विस्तृत नियम निर्देश एवं तीर्थयात्रा के लिए निर्धारित आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए हैं। जिले को आवंटित निर्धारित कोटे से ज्यादा संख्या में आवेदन मिलते हैं, तो लॉटरी द्वारा तीर्थ यात्रियों का चयन किये जाकर सूची बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति मध्यप्रदेश के मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक आयकरदाता नहीं होना चाहिए। आवेदक जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक हो। महिलाओं के लिए अधिकतम आयु में 2 वर्ष की छूट अर्थात 58 वर्ष है एवं 60 प्रतिशत से अधिक विकलांग व्यक्ति आवेदक के लिए आयुसीमा का बंधन लागू नहीं होगा। आवेदन जिले के समस्त तहसील कार्यालयों एवं नगर निगम देवास में जमा कर सकते हैं। इस यात्रा के लिए निर्धारित किए गए नियमों के अंतर्गत तीर्थ स्थान की यात्रा करने के पात्र होंगे।

# अभिभाषक संघ के चुनाव निर्विरोध संपन्न, नई कार्यकारिणी घोषित

## - सावलसिंह यादव बार एसोसिएशन के पुनः अध्यक्ष नियुक्त

**अनोखा तीर, खातेगांव।**

स्थानीय न्यायालय परिसर स्थित अभिभाषक संघ (बार एसोसिएशन) के द्विवार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति के माहौल में निर्विरोध संपन्न हो गए। वरिष्ठ अधिवक्ताओं की मध्यस्थता और आपसी तालमेल के चलते सभी मुख्य पदों पर







अधिवक्ताओं द्वारा नामांकन जमा किए। अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन फार्म निर्वाचन अधिकारी के पास जमा किए गए थे। अभिभाषक संघ चुनाव के निर्वाचन अधिकारी एससी यादव एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी सीएल वर्मा ने बताया कि अभिभाषक संघ चुनाव के दौरान अधिवक्ता साथियों ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, ग्रंथपाल एवं सदस्यों के लिए नामांकन फार्म जमा किए थे। चूंकि नामांकन वापसी दिनांक को आपसी सहमति, तालमेल से अधिवक्ताओं ने अपने नामांकन फार्म वापस ले लिए। एकल नाम रहने के कारण चुनाव प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं रही। वरिष्ठ और युवा अधिवक्ताओं की सहमति से अध्यक्ष सांवलसिंह यादव, उपाध्यक्ष अनिल उपाध्याय, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती मीनू तिवारी, सचिव रामविलास वर्मा, सहसचिव नीलेश जगथाप, कोषाध्यक्ष जयवर्धन सिंह तोमर, ग्रंथपाल उमेश विनाक्या को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। साथ ही 14 सदस्यों की कार्यकारिणी समिति भी बनाई गई है। इस दौरान न्यायालय परिसर में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अधिवक्ताओं ने बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष यादव ने सभी साथी वकीलों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संघ की एकता, जूनियर वकीलों के कल्याण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

# शिवपुर बस स्टैंड पर सुविधाओं का अभाव, यात्री परेशान




### -तहसील घोषित फिर भी सुविधा से वंचित नागरिक

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** शिवपुर में मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है। मुख्य बस स्टॉप पर स्थायी यात्री प्रतीक्षालय और सुलभ शौचालय नहीं बन सका है, जिससे आम जनता और यात्रियों को रोज़ाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां के नेतागण महानगरों तक राजनीति करते हैं, लेकिन उनके खुद शहर में नागरिकों को सुविधा नहीं दे पा रहे हैं। शिवपुर के स्थानीय नागरिक अभि यादव, कांग्रेस नेता ने इस समस्या को लेकर एक एक पोस्टर सोशल मीडिया के माध्यम से प्रशासन का ध्यान खींचा है। पोस्टर में दर्शाया गया है कि यात्री धूप और बारिश




में एक टूटे-फूटे तिरपाल के नीचे बैठकर बस का इंतजार करने को मजबूर हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे घंटों खुले में गर्मी धूप और बरसात में बैठे रहते हैं। वहीं दूसरी ओर, सुलभ शौचालय न होने से स्थिति नारकीय बनी हुई है। सार्वजनिक शौचालय की सुविधा न होने के कारण विशेषकर महिलाओं और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। टूटे हुए शौचालय पर लिखकर क्रॉस लगा दिया गया है, जो बदहाली को दर्शाता है। अभी यादव ने बताया कि शिवपुर के नागरिक कई सालों से हम मांग कर रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। बरसात में सबसे अधिक परेशानी होती है सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से लोगों को खेतों या दूर जाना पड़ता है, जो शर्मिंदगी भरा है। पोस्टर के जरिए जागरूक नागरिक अभी यादव ने अपील की है शिवपुर के विकास के लिए जागें, इन मूलभूत सुविधाओं की मांग करें लोगों ने जिला प्रशासन और नगर पंचायत से जल्द से जल्द स्थायी बस प्रतीक्षालय और सुलभ शौचालय का निर्माण कराने की मांग की है। जिससे बाहर से आए नागरिक परेशान ना हो।

### देवास बांध का पानी अन्यंत्र भेजने का विरोध

## देवास की जनता के साथ अन्याय नहीं होने देंगे : पाचुनकर

**अनोखा तीर, देवास।** बांध से अन्य क्षेत्रों में जल स्थानांतरण की संभावनाओं को लेकर पूर्व महापौर शरद पाचुनकर ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि देवास शहर ने पांच दशकों से अधिक समय तक भीषण जल संकट झेला है और लंबे संघर्ष के बाद शिप्रा जिला जलवर्धन योजना के माध्यम से शहर को स्थायी जल आपूर्ति की दिशा में राहत मिली थी। ऐसे में वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए देवास के हिस्से का पानी अंयत्र देना न्यायोचित नहीं होगा। पाचुनकर ने बताया कि उनके महापौर कार्यकाल में शिप्रा जिला जलवर्धन योजना पूर्ण हुई थी, जिससे वर्षों से जल संकट से जूझ रहे शहरवासियों को बड़ी राहत मिली। उन्होंने कहा कि शहर की लगातार बढ़ती जनसंख्या के कारण आज भी अतिरिक्त जल की आवश्यकता महसूस की जा रही है और कई क्षेत्रों में पेयजल संकट बना हुआ है। उन्होंने कहा कि देवास के नागरिकों ने जल संकट के कारण अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना किया है। वर्षों के संघर्ष और जनभावनाओं के परिणामस्वरूप बांध और जल परियोजनाओं का निर्माण संभव हो पाया था। ऐसे में यदि देवास के जल संसाधनों को अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जाता है, तो यह शहर की जनता के साथ अन्याय होगा। पूर्व महापौर ने नगर निगम प्रशासन से आग्रह किया कि इस विषय पर कोई भी निर्णय लेने से पहले शहर की वर्तमान और भविष्य की जल आवश्यकताओं का गंभीरता से आंकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि देवास की जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पाचुनकर ने प्रदेश के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने और देवास के नागरिकों की भावनाओं एवं जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय सुनिश्चित करने की मांग की।

# देवास में नहीं होने दिया जाएगा जल संकट : सिलावट

## - मांगलिया के लिए जितना पानी लिया जा रहा है, उससे कम पानी इंटेकवेल बनाकर पाइपलाइन से मांगलिया तक पहुंचाया जाएगा

**अनोखा तीर, देवास।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार के लिए प्रदेश की जनता की चिंता सर्वोपरि है। सरकार किसी भी परिस्थिति में देवास में पानी का संकट पैदा नहीं होने देगी। नागरिकों को सुचारू जल आपूर्ति सुनिश्चित करना शासन की मुख्य प्राथमिकता है। मंत्री श्री सिलावट ने जल प्रदाय की स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि वर्तमान में एनवीडीए से केवल मांगलिया के लिए जितना पानी लिया जा रहा है। उससे कम पानी इंटेकवेल बनाकर वहां से पाइपलाइन के माध्यम से मांगलिया तक पहुंचाया जाएगा। जल संसाधन मंत्री ने भ्रांतियों को दूर करते हुए स्पष्ट किया कि देवास के तालाबों और बांधों (डैम) का उपयोग केवल पानी के भंडारण के लिए किया जा रहा है। नगर निगम देवास के अंतर्गत आने वाले पानी का उपयोग इस योजना के लिए बिल्कुल नहीं किया जा रहा है। अत : देवास शहर की स्थानीय जल वितरण व्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित है और इस पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। जितना पानी देवास से लिया जा रहा है उससे ज्यादा पानी एनवीडीए से देवास में दिया जाएगा।

### जल गंगा संवर्धन अभियान : जिले में संचालित की जा रही अनेक जल संरक्षण गतिविधियां

# जल की एक-एक बूंद को बचाने के लिए जिलेवासी उत्साह से कर रहे सहभागिता

**अनोखा तीर, देवास।**

शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही जिले में 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जनभागीदारी के माध्यम से कुओं, तालाओं, नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ- सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। अभियान के तहत जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक मिलकर श्रमदान कर रहे हैं। इसी कड़ी में देवास जनपद पंचायत के ग्राम टिगरिया छोटा में स्टॉप डेम की साफ-सफाई का कार्य किया गया।




स्टॉप डेम की साफ-सफाई से बारिश के दिनों में साफ-एवं स्वच्छ पेयजल एकत्रित होगा तथा वाटर लेवल बढ़ेगा, जिससे पेयजल की समस्या से से निजात मिलेगी। स्टॉप डेम की साफ-सफाई कार्य में ग्रामीणजन भी उत्साह से जुड़ रहे हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के लिए प्रदेश सरकार को धन्यवाद दे रहे हैं। अभियान अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कुएं, बावड़ियों, नदियों-नालों, तालाबों एवं अन्य जलाश्यों की साफ-सफाई की जा रही है। इस कार्य में ग्रामीणजन जिलेवासी भी सहभागिता कर रहे हैं। पानी की एक-एक बूंद बचाने के लिए सभी एकजूट होकर कार्य कर रहे हैं।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल, म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

## सार-समाचार

### अलग-अलग स्थानों पर नहर में मिले दो शव

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा जिले के रहटगांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर नहर में दो शव मिले हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीईआरएफ की मदद से दोनों शवों को नहर से बाहर निकलवाया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए टिमरनी भेज



दिया गया। पहला शव ग्राम नकवाड़ा के पास नहर में मिला। उसकी पहचान ग्राम रैसलपुर निवासी मानसिंह पिता शिवराम टेकाम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मानसिंह मूंग की फसल में पानी देने का काम कर रहा था। वहीं दूसरा शव ग्राम फुलड़ी के पास नहर में तैरता मिला। उसकी अब तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस को आशंका है कि शव सिवनी बानापुरा क्षेत्र से बहकर यहां पहुंचा होगा। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### 10 किसानों पर जारी समन खत्म प्रशासन ने वापस लिया मामला

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा में गेहूं खरीदी में देरी के विरोध में धरना देने वाले 10 किसानों को बड़ी राहत मिली है। तहसीलदार कोर्ट ने किसानों के खिलाफ जारी समन को समाप्त कर दिया। प्रशासन द्वारा मामला वापस लेने के बाद किसानों को गिरफ्तारी वारंट की आशंका से राहत मिली। जानकारी के अनुसार किसानों ने गेहूं की तुलाई नहीं होने के विरोध में जिला पंचायत परिसर में करीब 36 घंटे तक धरना प्रदर्शन किया था। इसके बाद तहसीलदार कोर्ट की ओर से 10 किसानों को समन जारी कर शुक्रवार सुबह 10 बजे उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। समन में तय समय पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने की बात भी



कही गई थी। प्रशासन ने प्रदर्शन को लोक व्यवस्था भंग करने एवं शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने से जुड़ा मामला माना था। शुक्रवार सुबह सभी किसान अपने साथियों के साथ तहसीलदार कोर्ट पहुंचे और पेश हुए। मामले की चर्चा मीडिया में आने के बाद प्रशासन ने अपना रुख बदला। तहसीलदार कोर्ट ने किसानों को समझाइश देते हुए मामला समाप्त कर दिया। कोर्ट ने कहा कि किसान आगे से इस प्रकार की स्थिति का ध्यान रखेंगे। किसानों ने इसे अपनी जीत बताते हुए आरोप लगाया कि यह सरकार की दमनकारी नीति का हिस्सा था और उनके संगठन तथा किसानों को दबाने का प्रयास किया जा रहा था। किसानों का कहना है कि अधिकारियों ने अपनी गलती स्वीकार की है।

### ट्रेन के गेट पर रील बना रहे युवक की गिरकर मौत

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा जिले में शुक्रवार सुबह मुंबई–दिल्ली रेलवे ट्रैक पर चलती ट्रेन से गिरने से 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा भिरंगी रेलवे स्टेशन के पास हुआ। बताया जा रहा है कि युवक ट्रेन के गेट पर बैठकर रील बना रहा था, तभी संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिहार के आरा जिले के कोईलोबर निवासी अर्जुन पिता अशोक व्यास पुणे की एक निजी कंपनी में कार्यरत था। कंपनी में काम बंद होने के कारण वह अपने चचेरे भाई सन्नी शर्मा और अरविंद कुमार के साथ गांव लौट रहा था। यात्रा के दौरान अर्जुन ट्रेन के गेट पर बैठकर एक अन्य युवक के साथ रील बना रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह चलती ट्रेन से नीचे जा गिरा। हादसे




के बाद यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका। इसके बाद अर्जुन के शव को ट्रेन क्रमांक 01449 दानापुर स्पेशल फेयर एक्सप्रेस से हरदा रेलवे स्टेशन लाया गया। यहां से डायल– 112 की सहायता से शव को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मर्चुरी में सुरक्षित रखा गया है। बताया गया है कि अर्जुन अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था और उसकी शादी करीब एक वर्ष पहले ही हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। परिजनों के हरदा पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।



### महिला कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक आज

**अनोखा तीर, हरदा।** प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी के निर्देशानुसार संगठन सृजन एवं संगठनात्मक मजबूती को लेकर 30 मई को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक का नेतृत्व महिला कांग्रेस जिला प्रभारी नेहा चावरे करेंगी। बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय हरदा में शाम 5 बजे आयोजित होगी, जिसमें जिले की सभी महिला कांग्रेस सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल होंगी। महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने जिले की सभी महिला कार्यकर्ताओं एवं सदस्यगणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगठन को मजबूत बनाने में सहभागिता निभाने की अपील की है।

## मेरा युवा भारत ने वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती मनाई






**अनोखा तीर, हरदा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से संबद्ध मेरा युवा भारत हरदा द्वारा स्वतंत्र वीर विनायक दामोदर सावरकर जयंती पर शुक्रवार को संकल्प कोचिंग सेंटर में संगोष्ठी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी प्रशांत शर्मा, नगर महामंत्री भाजपा पुरुषोत्तम झिंझोरे एवं कोचिंग संस्थान संचालक धनराज सर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं सावरकर के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी श्रद्धा मित्तल के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवाओं में राष्ट्रवाद, देशभक्ति एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने सावरकर के जीवन, विचारों एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नितेश बादर ने कहा कि वीर सावरकर एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। वर्ष 1904 में उन्होंने 'अभिनव भारत' नामक क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की थी, जिससे ब्रिटिश हुकूमत भयभीत हो गई और उन्हें काला पानी जैसी कठोर सजा दी गई। वरिष्ठ समाजसेवी प्रशांत शर्मा ने कहा कि सावरकर का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणादायी है तथा उनके विचार आज भी देशभक्ति की भावना जागृत करते हैं। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत से मयंक शर्मा, ऋषभ वैरागी, गौतम वैरागी, लिसिका काले सहित विभिन्न युवा क्लब, महिला मंडल के सदस्य, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# राह चलती महिला से चेन झपटने का प्रयास

**अनोखा तीर, हरदा।**

हरदा शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गुरुवार रात बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला के गले से मंगलसूत्र लूटने का प्रयास किया। बदमाश सड़क किनारे खड़े होकर मोबाइल पर बात करने का नाटक कर रहे थे। हालांकि, महिला की सतर्कता के चलते वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके और खाली हाथ भाग निकले। घटना जैसानी चौक के पास की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 10 निवासी हीरामणि गोयल गुरुवार रात अपनी सहेली सपना पालीवाल के साथ प्रताप टॉकीज के पास स्थित भगवान पंडरीनाथ मंदिर गई थीं। रात करीब साढ़े आठ बजे दोनों वहां से दर्शन कर पैदल घर लौट रही थीं। जब वे जैसानी चौक के पास भाजपा पार्षद अंजना पाराशर के घर के सामने से गुजर रही थीं, तभी बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें निशाना बनाने की कोशिश की। बदमाशों ने रास्ते में अपनी बाइक रोक रखी थी और वे मोबाइल पर बात करने का दिखावा कर रहे थे। जैसे ही दोनों महिलाएं उनके करीब से गुजरीं, एक आरोपी ने हीरामणि गोयल के गले पर झपट्टा मारकर मंगलसूत्र छीनने का प्रयास किया। महिला



तुरंत अलर्ट हो गईं और अपना बचाव किया, जिससे बदमाश घबराकर मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि बाइक चला रहे युवक ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था और सफेद शर्ट पहनी थी। वहीं, पीछे बैठे युवक ने लाल रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी।

### तलाश में जुटी पुलिस

वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सिविल लाइन थाना टीआई आर.एस. तिवारी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फुटेज में दोनों बाइक सवार महिला के गले से चेन छीनने का प्रयास करते हुए साफ नजर आ रहे हैं। आरोपियों के पास होंडा शाइन बाइक थी, जिसकी नंबर प्लेट जानबूझकर मोड़ दी गई थी ताकि गाड़ी की पहचान न हो सके। पुलिस सरगर्मी से दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

# जमीनी विवाद में महिला की हत्या

### एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

**अनोखा तीर, हरदा।** थाना हंडिया क्षेत्र के ग्राम डुमलाय में जमीनी विवाद और पुरानी रंजिश के चलते हुई हत्या की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।



पुलिस के अनुसार 28 मई को ग्राम डुमलाय निवासी कपिल गुर्जर और उसके पिता सुंदरलाल गुर्जर का फरियादिया रानी गुर्जर एवं उसकी मां निशा गुर्जर से विवाद हो गया था। विवाद के दौरान आरोपियों ने ईंट और डंडों से हमला कर दिया, जिससे रानी गुर्जर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद आरोपियों ने निशा गुर्जर पर भी जानलेवा हमला किया। हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में थाना हंडिया में हत्या का अपराध 220/2026 धारा 103(1), 109, 296ए, 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक हरदा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी हरदा के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी सुंदरलाल गुर्जर पिता रेवाराम गुर्जर, उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम डुमलाय को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। प्रकरण के सह-आरोपी कपिल गुर्जर की तलाश जारी है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# विधायक निधि से 24 ग्रामों को फायर फाइटर पानी टैंकर वितरित

**अनोखा तीर, हरदा।** भीषण गर्मी एवं पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा विधायक निधि वर्ष 2026-27 की राशि से हरदा विधानसभा क्षेत्र के 24 ग्रामों कडोला उबारी, रान्याखेड़ी, खारपा, डगावानीमा, झुंडगांव, पचौला, चौकी, जामली दमामी, हंडिया, अबगांवखुर्द, हनीफाबाद, बिछौला रैयत, बालागांव, कालीसराय, जोगा, कांकड़दा, खरदना, सोनखेड़ी, जिजगांव, सुरजना, बैड़ी, झालवां एवं नांदरा को फायर फाइटर पानी टैंकरों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं आगजनी जैसी आकस्मिक घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण के लिए संसाधन उपलब्ध कराना है। हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने कहा कि गर्मी के मौसम में कई ग्रामों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे ग्रामीणजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन



फायर फाइटर पानी टैंकरों के माध्यम से जरूरतमंद क्षेत्रों में पानी पहुंचाने का कार्य किया जाएगा, जिससे ग्रामीणजनों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह फायर फाइटर टैंकर केवल पेयजल आपूर्ति के लिए ही नहीं, बल्कि ग्रामों में आगजनी की घटनाओं के दौरान तत्काल उपयोग में लाकर आग पर काबू पाने में भी सहायक सिद्ध होंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं उपस्थित ग्रामीणजनों ने इस पहल के लिए हरदा विधायक डॉ. दोगने का पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से राहत मिलने के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर होगी। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल, जनपद उपाध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा, श्यामलाल बाबल, रमेश विश्नोई, अनिल सूरमा, भूपेश बाबल, नारायण गुर्जर, हर्ष पटेल, हुकुम धनगर, दुर्गेश गुर्जर, अनोखीलाल गौर, मदन गौर, बालकृष्ण यादव, नितिन जोशी, हरिप्रसाद काजवे सहित संबंधित ग्रामों के सरपंच, सचिव एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया भुजंगासन

### रिसॉर्ट में ही रुके डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग में सुनाया महादेव का भजन

**अनोखा तीर, उज्जैन।** उज्जैन में भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत शुक्रवार को दूसरे दिन सीएम ने वर्ग में सुबह योग किया और फिर जाते-जाते मंच से सभी को महादेव के भजन सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। राजाराम रिसॉर्ट में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का गुरुवार को शुभारंभ सीएम डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में हुआ था। दिन-भर वर्ग में सभी को भाजपा की विचार धारा के साथ चलने और नियमों का पालन करने की सीख दी।




# खनिज के अवैध परिवहन में शामिल 4 डंपर एवं ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। मई माह में खनि निरीक्षक देवेंद्र सिंह एवं खनिज अमले द्वारा आकस्मिक जांच के दौरान खेडीपुरा नाका, अजनाल नदी एवं गुप्तेश्वर मंदिर के पास डंपर क्र.एमपी 47 जेडसी 9359 एवं एमपी 47 जेडसी 8959 अवैध खनिज बोल्डर का परिवहन करते पाए गए। बिना वैध अभिवहन पास होने पर दोनों वाहनों को जब्त कर सिविल लाइन थाना हरदा में खड़ा कराया गया। इसी प्रकार ग्राम अबगांव खुर्द छीपानेर रोड पर डंपर क्र.एमपी 09 एचएच 2541 अवैध मुरूम परिवहन करते तथा डंपर क्र.एमपी 47 जेडबी 6727 अवैध गिट्टी परिवहन करते पाए गए। इन वाहनों को भी बिना वैध रॉयल्टी पास के पाए जाने पर सिटी कोतवाली हरदा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। इसके अलावा नयानगर अबगांव खुर्द छीपानेर रोड पर ट्रैक्टर-ट्रॉली क्र. एमपी 47 जेडएफ 7738 अवैध रेत का ओवरलोड परिवहन करते पकड़ी गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जब्त कर सिटी कोतवाली में खड़ा कराया गया। कार्रवाई के दौरान होमगार्ड सैनिक हरिभजन, ब्रजेश साहू एवं खनिज स्टाफ अश्विनी चतुर्वेदी मौजूद रहे।




खनिज विभाग द्वारा बताया गया कि सभी वाहनों के प्रकरण तैयार कर अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे तथा मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण नियम 2022 के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

## आईडीए की तंबाखू मुक्त हरदा की दिशा में सशक्त पहल

**अनोखा तीर, हरदा।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) मध्य प्रदेश शाखा द्वारा 30 एवं 31 मई को सभी सदस्य दंत चिकित्सकों से मरीजों की निशुल्क प्री–कैंसर स्क्रीनिंग एवं तंबाखू सेवन छोड़ने के लिए काउंसलिंग करने की अपील की गई है। आईडीए हरदा शाखा की अध्यक्ष डॉ. मेधा भुस्कुटे ने बताया कि इस योजना को हरदा जिले के सभी सदस्य दंत चिकित्सक अपने निजी डेंटल क्लीनिक एवं अस्पतालों में लागू करेंगे।

विश्व तंबाखू निषेध दिवस 31 मई के अवसर पर आईडीए हरदा शाखा द्वारा विशेष ऑनलाइन ट्रेन द ट्रेनर कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। कार्यक्रम का विषय ब्लूप्रिंट फॉर चेंज कंडक्टिंग इम्पैक्टफुल स्कूल टोबैको अवेयरनेस प्रोग्राम्स रखा गया है, जिसमें विद्यालयों में प्रभावी तंबाखू विरोधी अभियान संचालित करने के तरीकों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन शासकीय दंत महाविद्यालय एवं चिकित्सालय नागपुर की जनस्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. नूपुर कोंकणे रहेंगी। तंबाखू निषेध एवं तंबाखू मुक्ति के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्य हैं तथा उनके नाम तंबाखू निरोधक विषयों पर तीन पेटेंट और 15 कॉपीराइट दर्ज हैं।

आईडीए हरदा शाखा का उद्देश्य जिले के दंत चिकित्सकों को इस प्रकार प्रशिक्षित करना है कि वे जुलाई से दिसंबर 2026 तक प्रत्येक शनिवार तीन से चार दंत चिकित्सकों के समूह में जिले के विभिन्न विद्यालयों में जाकर तंबाखू जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर सकें। इस पहल का लक्ष्य हरदा जिले के प्रत्येक विद्यालय तक पहुंचकर विद्यार्थियों को तंबाखू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। हरदा जिले में तंबाखू जनित कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए आईडीए हरदा शाखा ने तंबाखू मुक्त हरदा का संकल्प लिया है। संस्था का मानना है कि इस अभियान से भविष्य में स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में मदद मिलेगी। अत्यधिक तापमान वृद्धि एवं प्रधानमंत्री द्वारा ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जा रहा है, ताकि अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके और संसाधनों का समुचित उपयोग हो। आईडीए हरदा शाखा के सचिव डॉ. विपुल बांगड़ एवं कोषाध्यक्ष डॉ. आदर्श भारद्वाज ने जिले के सभी दंत चिकित्सकों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया है।

**जमीन बेचना है**
27 एकड़ जमीन ग्राम सिंगनपुर, तहसील रहटगांव, जिला-हरदा में बेचना है, जो कि भविष्य में मोरण्ड-गंजाल डेम से सिंचित होगी।
कीमत 16 लाख रुपए प्रति एकड़ रखी गई है।
मो. 9826675197